


RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

# श्रीकंचनपथ

साझा करें अपने मित्रों से

सांध्य दैनिक
दुर्ग-रायपुर-बस्तर संभाग

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच
संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल




वर्ष- 13, अंक - 116 | श्रीकंचनपथ ONLINE | visit us http://www.shreekanchanpath.com | भिलाई, गुरूवार 10 फरवरी 2022 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

**किराये से देना है**
15x20 डबल स्टोरी दुकान किराये से देना है।
संपर्क :- 99933-16015
किराया - 8000 से 10000 मात्र
हाइवे पेट्रोल पंप के सामने दुर्गा मंदिर के बाजू में
जनता मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

# सुप्रीम कोर्ट पहुंचा हिजाब विवाद: कर्नाटक हाईकोर्ट से ट्रांसफर करने की गुहार

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** हिजाब विवाद अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। हालांकि गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने इससे संबंधित याचिका पर तत्काल सुनवाई से इनकार कर दिया, जिसमें मामले से संबंधित याचिकाएं कर्नाटक हाईकोर्ट से सुप्रीम कोर्ट में ट्रांसफर करने का आग्रह किया गया है। वकील व कांग्रेस नेता कपिल सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट में हिजाब विवाद को लेकर पक्ष रखा और तत्काल सुनवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि दो माह बाद परीक्षाएं हैं। लड़कियों को स्कूल आने से रोका जा रहा है। उन पर पत्थर चलाए जा रहे हैं।



इस पर प्रधान न्यायाधीश एनवी रमण ने कहा कि हाई कोर्ट की तीन जजों की पीठ मामला सुन रही है। हो सकता है वह आपको कुछ राहत दे दे। पहले उन्हें सुनने दीजिए। शीर्ष कोर्ट ने कहा कि हाईकोर्ट आज मामले की सुनवाई कर रही है, इस वक्त उसे हस्तक्षेप क्यों करना चाहिए? सुप्रीम कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई की तारीख अभी देने से भी इनकार कर दिया। जब सिब्बल ने केस सुप्रीम कोर्ट में सूचीबद्ध पर जोर दिया तो सीजेआई रमण ने कहा कि हम देखेंगे।

उधर, कर्नाटक हाईकोर्ट में तीन जजों की पीठ मामले की सुनवाई करेगी। बुधवार को हाईकोर्ट की एकल पीठ ने मामला बड़ी पीठ के समक्ष भेज दिया था। इसके साथ अब सभी की निगाहें कर्नाटक हाईकोर्ट में आज होने वाली सुनवाई पर लगी हैं। कर्नाटक हाईकोर्ट के प्रधान न्यायाधीश रितू राज अवस्थी ने बुधवार को हिजाब केस की सुनवाई के लिए तीन जजों की पीठ गठित की। इसमें उनके अलावा जस्टिस कृष्णा एस. दीक्षित और जस्टिस जेबुन्निसा एम. काजी शामिल हैं। बुधवार को मामले की सुनवाई के बाद जस्टिस दीक्षित ने केस मुख्य न्यायाधीश अवस्थी के पास भेज दिया था, ताकि बड़ी पीठ इस पर विचार कर सके।

### समस्या के समाधान की उम्मीद : नागेश

कर्नाटक के स्कूली शिक्षा मंत्री बीसी नागेश ने गुरुवार को मामले की सुनवाई के लिए पूर्ण पीठ गठित करने पर संतोष जताया। उन्होंने कहा कि हमें अच्छे फैसले की उम्मीद है, जो कि इस समस्या का समाधान करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि जब से राज्य में हिजाब विवाद पैदा हुआ है मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई, गृह मंत्री अरगा जनेंद्र और उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. सीएन अश्वथ नारायण नियमित रूप से बैठकें कर रहे हैं।

### हाईकोर्ट जज पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाने वाली पूर्व न्यायिक अधिकारी को सुप्रीम कोर्ट ने बहाल किया

**नई दिल्ली/भोपाल (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के तत्कालीन जज के खिलाफयौन उत्पीड़न का आरोप लगाने वाली महिला जज को बहाल कर दिया है। महिला जज ने कहा था कि 2014 में उसे मजबूरन इस्तीफा देना पड़ा था। इसी आधार पर उसे बहाल किया जाए। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट में महिला जज को बहाल करने का विरोध किया था। दरअसल, मामला 2014 का है। पूर्व महिला न्यायिक अधिकारी ने हाईकोर्ट जज पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था और यह जांच में गलत साबित हुआ था। पिछले महीने मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट में कहा था कि हाईकोर्ट के जज के खिलाफयौन उत्पीड़न के अपने आरोपों की जांच के बाद इस्तीफा दे चुकी पूर्व महिला न्यायिक अधिकारी यह आरोप नहीं लगा सकती कि उनकी शिकायत गलत पाए जाने के चार साल बाद वह इस्तीफा देने को मजबूर हुईं। जस्टिस एल. नागेश्वर राव और जस्टिस बीआर गवई ने महिला जज के इस्तीफे को स्वीकार करने के आदेश को रद्द कर दिया। साथ ही उसे मध्य प्रदेश ज्युडिशियरी में एडिशनल डिस्ट्रिक्ट जज के तौर पर नियुक्त करने का आदेश दिया। हालांकि, उन्हें इस अवधि के लिए वेतन एवं भत्ते प्राप्त करने का अधिकार नहीं होगा। महिला जज ने कहा था कि 15 दिसंबर 2017 को जजों की जांच समिति की रिपोर्ट में याचिकाकर्ता के 15 जुलाई 2014 को दिए इस्तीफे की वजह की हाईकोर्ट ने अनदेखी की है। महिला जज के पास कोई विकल्प नहीं बचा था, इसलिए उसने एडिशनल डिस्ट्रिक्ट जज पद से इस्तीफा दिया था। पिछले महीने हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट से कहा था कि महिला ने कामकाज के प्रतिकूल माहौल को इस्तीफे का आधार बताया था कि उन्हें कथित तौर पर इस वजह से इस्तीफा देने के लिए मजबूर होना पड़ा लेकिन यह मामला उन्होंने यौन उत्पीड़न का आरोप लगाने के चार साल बाद उठाया है। मेहता ने बताया था कि सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज जस्टिस आर भानुमति, जस्टिस मंजुला चेल्लूर और वरिष्ठ अधिवक्तका केके वेणुगोपाल की तीन जजों की जांच समिति ने दिसंबर 2017 में राज्यसभा में पेश अपने रिपोर्ट में यौन उत्पीड़न को आरोपी हाईकोर्ट के जज को बरी कर दिया था।

## खास-खबर

### पहले चरण की वोटिंग के बीच सहारनपुर पहुंचे मोदी, बोले- यूपी को दंगा मुक्त रखने वाले को दें वोट

**सहारनपुर ( एजेंसी )।** सहारनपुर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्ष पर जमकर हमला बोला। पीएम मोदी ने कहा कि पहले की सरकारों में परिवारवाद चलता था लेकिन, भाजपा की सरकार में विकास के साथ-साथ परिवारवाद भी खत्म हुआ है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में योगी जी की सरकार में कानून व्यवस्था ठीक हुई है। इसलिए एक बार फिर से योगी जी को मुख्यमंत्री बनाने के लिए जनता से वोट देने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यूपी को दंगा मुक्त रखने वाले को वोट दें। पीएम मोदी ने सहारनपुर की जनता से पूछा कि आम आदमी को सुरक्षा मिलनी चाहिए की नहीं। वहीं पीएम मोदी ने जनता का उत्साह देखकर कहा मैं आपका प्यार ब्याज सहित लौटाऊंगा। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले सहारनपुर जिले की कोई सूझबूझ लेने वाला नहीं था। लेकिन भाजपा की सरकान बनने पर यहां का विकास हुआ है।

# पुष्पा' की तरह छत्तीसगढ़ में चंदन की तस्करी, 100 किलो सफेद लकड़ी जब्त, यूपी ले जा रहे थे तस्कर

**बिलासपुर ( एजेंसी )।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में फिल्म पुष्पा की तर्ज पर सफेद चंदन की तस्करी का मामला उजागर हुआ है। तस्कर रतनपुर के बस स्टैंड में उत्तर प्रदेश जाने के लिए बस का इंतजार कर रहे थे। पुलिस को देखते ही तस्कर सफेद चंदन की लकड़ी को छोड़कर भाग खड़े हुए। पुलिस ने दो-दो फीट की 100 किलो चंदन लकड़ी बरामद किया है। जब्त लकड़ी की कीमत 5 लाख रुपये बताई जा रही है। फिल्म पुष्पा की तर्ज पर हुई इस कार्रवाई में पुलिस के हाथ तस्कर तो नहीं लगे, लेकिन छत्तीसगढ़ में चंदन की लकड़ियों की तस्करी का मामला जरूर उजागर हो गया है।



बिलासपुर एसएसपी पारूल माथुर ने बताया कि छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले के रतनपुर थाना क्षेत्र के सीमावर्ती जिले गौरेला-पेन्ड्रा-मरवाही तथा कोरिया जिले में सफेद चंदन के पेड़ों की उपज होती है। बुधवार को सूचना मिली कि दो युवक नया बस स्टैंड रतनपुर में बोरियों में सफेद चंदन की लकड़ी लेकर उत्तर प्रदेश जाने के लिए बस का इंतजार कर रहे हैं। संबंधित थाना क्षेत्र के टीआई हरविंदर सिंह को तस्करों को पकड़ने का प्वाइंट दिया गया था। तस्कर फरार हो गए, लेकिन पुलिस ने लकड़ी जब्त किया है।

### उत्तर प्रदेश की ओर तस्करी की आशंका

टीआई हरविंदर सिंह ने बताया कि सफेद चंदन की खुशबू वाली लकड़ी बरामद की गई है। सफेद चंदन की लकड़ी की कटाई एवं परिवहन भारतीय वन अधिनियम अंतर्गत प्रतिबंधित एवं दंडनीय है। सफेद चंदन का उपयोग औषधि सौंदर्य प्रसाधन एवं धार्मिक कार्यों में किया जाता है। छत्तीसगढ़ में चंदन दुर्लभ है। पुलिस को ऐसा अनुमान है कि अज्ञात लोगों द्वारा चोरी कर चंदन लकड़ी को उत्तर प्रदेश की ओर ले जाया जा रहा था। मामले में अज्ञात तस्करों के खिलाफअपराध दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। वन विभाग को भी सूचना दी गई है।

### पुलिस को देख भागने लगे तस्कर

टीआई हरविंदर सिंह थाना स्टाफके साथ जैसे ही बस स्टैंड पहुंचे तो बोरी लेकर खड़े दो अज्ञात युवक पुलिस की गाड़ी को देखकर भागने लगे। जिनका पीछा किया गया, लेकिन संदेही युवक अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले। पुलिस टीम ने रतनपुर में संदिग्ध युवकों द्वारा छोड़े गए बोरी को चेक किया, जिसमें 2-2 फीट लंबाई के कुल 15 नग सफेद चंदन की लकड़ी बरामद की गई है। लकड़ी से खुशबू भी आ रही थी। जब्त लकड़ी का वजन कराने पर वह 100.11 किलो निकला। लकड़ियों की कीमत लगभग 5 लाख रुपये आकी गई है।

# नीतिगत दरों में कोई बदलाव नहीं, लोन ईएमआई पर राहत के लिए ग्राहकों को करना होगा इंतजार

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास गुरुवार यानी आज मौद्रिक नीति पर बैठक में हुए फैसले के बारे में बता रहे हैं। केंद्रीय बैंक ने प्रमुख नीतिगत दर रेपो को चार प्रतिशत पर बरकरार रखा है। यह लगातार 10वीं बार है जब नीतिगत दर को रिकॉर्ड निचले स्तर पर कायम रखने का फैसला किया गया है। यानी लोन ईएमआई पर राहत के लिए ग्राहकों को अभी और इंतजार करना होगा। दरअसल, रेपो रेट में कटौती के बाद बैंकों पर ब्याज दर कम करने का दबाव होता है। बैंक ब्याज दर में कटौती करते हैं तो ईएमआई भी कम हो जाती है।



दास ने कहा कि रेपो रेट बिना किसी बदलाव के साथ 4 प्रतिशत रहेगा। एमएसएफरेट और बैंक रेट बिना किसी बदलाव के साथ 4.25त्न रहेगा। रिवर्स रेपो रेट भी बिना किसी बदलाव के साथ 3.35 प्रतिशत रहेगा। जीडीपी के बारे में भारतीय रिज़र्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने बताया कि 2022-23 के लिए रियल जीडीपी ग्रोथ 7.8 प्रतिशत रहने का अनुमान है। दास ने कहा कि तीसरी महामारी की लहर के कारण आर्थिक गति का कुछ नुकसान हुआ। वित्त वर्ष 22 में 9.2 प्रतिशत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि अर्थव्यवस्था को महामारी से पहले के स्तर से ऊपर ले जाएगी।

उन्होंने महंगाई पर चिंता जताते हुए कहा कि चालू तिमाही में मुद्रास्फीति चरम पर है और अगले वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में इसमें नरमी आने की उम्मीद है। 2022-23 के लिए सीपीआई मुद्रास्फीति 4.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है। आरबीआई गवर्नर ने बैंकों से पूंजी बढ़ाने, जोखिम प्रबंधन में सुधार करने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि कुल मिलाकर सिस्टम लिक्विडिटी बड़े सरप्लस में बनी हुई है।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने ई-रुपये प्रीपेड डिजिटल वाउचर के तहत कैप को बढ़ा दिया है। राज्यपाल शक्तिकांत दास ने गुरुवार को कहा कि 10,000 रुपये की वर्तमान सीमा को बढ़ाकर 1 लाख रुपये प्रति वाउचर और एक से अधिक बार किया जाएगा।

# एंटी नक्सल ऑपरेशन पर निकले सीआरपीएफ जवानों ने जंगल में 4 नक्सलियों को दबोचा, दो आईईडी टिफिन बम बरामद

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बस्तर।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में सर्चिंग ऑपरेशन पर निकले सीआरपीएफव डीआरजी जवानों ने 4 नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। जवानों को देखकर नक्सली भागने लगे, जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया। नक्सलियों से दो आईईडी टिफिन बम, वायरेलस सेट, जिलेटिन छड़, तीर, खंजर जब्त किया गया है। नक्सली लंबे समय से माओवादी संगठन से जुड़कर काम कर रहे थे। गिरफ्तार नक्सलियों पर फोर्स को नुकसान पहुंचाने, हत्या, आगजनी, लूट सहित कई मामले दर्ज है। माओवादियों की गिरफ्तारी अरनपुर थाना क्षेत्र में हुई है।



दंतेवाड़ा एसपी सिद्धार्थ तिवारी ने बताया कि सीआरपीएफ व डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के जवान 8 फरवरी को कमारगुड़ा एवं कोण्डासावली कैंप से सर्चिंग ऑपरेशन पर रवाना हुए थे। ग्राम दुरमा के पास जंगल में सुरक्षा बल को देखकर 4 संदिग्ध व्यक्ति भागने लगे, जिन्हें सुरक्षा बल के जवानों द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया। पकड़े गए संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ करने पर अपना नाम माड़वी देवा (36 वर्ष) निवासी दुरमा करकापारा थाना जगरगुंडा (डीएकेएमएस सदस्य), मुचाकी नंदा (35 वर्ष) निवासी तोलवर्ती इत्तापारा थाना जगरगुंडा (मिलिशिया सदस्य), सुक्का मुचाकी (35 वर्ष) निवासी तोलवर्ती पटेलपारा थाना जगरगुंडा (मिलिशिया सदस्य) एवं सोड़ी लखमा (40 वर्ष) निवासी गुमड़ी सरपंचपारा थाना-जगरगुंडा (मिलिशिया सदस्य) बताया। सभी ने माओवादी संगठन में लंबे समय से जुड़कर काम करने की जानकारी दी।

### सरेंडर व गिरफ्तारी से लाल आतंक की टूट रही कमर

एसपी सिद्धार्थ तिवारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए माओवादियों से 3-3 किलो के दो टिफिन बम, 5 नग जिलेटिन छड़, 1 वायरलेस सेट, नक्सली वर्दी, इलेक्ट्रिक वायर सहित दैनिक उपयोगी की सामग्री बरामद की गई है। नक्सलियों पर अरनपुर थाना में अपराध दर्ज किया है। सर्चिंग ऑपरेशन पर सीआरपीएफकैंप कोण्डासावली से सहायक कमांडेंट विनय कुमार सिंह, सहायक कमांडेंट अर्जुन लाल, सहायक कमांडेंट सुरेन्द्र एन.के. एवं कमारगुड़ा सीआरपीएफकैंप से सहायक कमांडेंट विनिल गुप्ता, सहायक कमांडेंट विशाल कुमार, सहायक कमांडेंट पवन कुमार के साथ सुरेन्द्र सिंह कमांडेंट 231 वाहिनी के नेतृत्व में जवानों को सफलता मिली है। एसपी ने बताया कि लगातार गिरफ्तारी व समर्पण से लाल आतंक की कमर टूट रही है।

# आधा घंटा भी ज्यादा काम नहीं करना चाहते कर्मचारी, तय समय में नहीं पहुंच रहे दफ्तर, जीएडी का आदेश भी दरकिनार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में फाइव-डे वर्किंग तय होने के बाद भी अधिकारी-कर्मचारी तय समय पर ड्यूटी नहीं आ रहे हैं। कलेक्टोरेट से लेकर मंत्रालय तक कर्मचारी सुबह 10 बजे दफ्तर ही नहीं पहुंच रहे हैं। कई विभागों में ताले लटके मिले। लेटलतीफी को अपनी आदत बना चुके कर्मचारी शायद इसे स्वीकार ही नहीं कर रहे हैं या फिर आधा घंटा ज्यादा काम करना ही नहीं चाहते। सरकारी दफ्तरों में 70 प्रतिशत कर्मचारी तय समय में ड्यूटी ही नहीं आ रहे हैं। सामान्य प्रशासन विभाग ने विभाग प्रमुखों को आदेश जारी कर कर्मचारियों को तय समय पर ड्यूटी बुलाने व निर्धारित समय तक कार्यालय में रहने के निर्देश जारी किए हैं। तय समय पर ड्यूटी नहीं आने वालों पर सिविल सेवा आचरण नियमों के तहत कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए हैं। इधर कर्मचारी संघों से कई तरह की बातें सामने आ रही है।




छत्तीसगढ़ तृतीय श्रेणी कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष विजय झा का कहना है कि पहले मैदानी कार्यालयों के लिए सुबह 10.30 बजे से शाम 5 बजे तक की कार्य अवधि निर्धारित थी। सरकार ने इसे 10 बजे से 5.30 कर दिया। अब आप बताइए इतनी सुबह कोई कार्यालय कैसे आएगा। कर्मचारी नेता का कहना है कि महिलाएं घर का कामकाज निपटाकर आती हैं। उनको पति और बच्चों को भी देखना होता है। वे सुबह 10 बजे कार्यालय कैसे पहुंच पाएंगी। हमने पांच दिन का कार्य दिवस तो मांगा नहीं था। सरकार ने अपने मन से दिया। सरकार शाम को 6 बजे तक वर्किंग ऑवर कर ले हमें दिक्कत नहीं है, लेकिन सुबह 10 बजे नहीं आ सकते। विजय झा ने कहा कि वे लोग जल्दी ही इस संबंध में लिखित मांग पत्र अधिकारियों को सौंपेंगे।

### सिविल सेवा आचरण नियमों के तहत कार्रवाई

मंत्रालय महानदी भवन से सभी संभागायुक्तों व कलेक्टरों को इस संबंध में निर्देश जारी किए गए हैं। शनिवार को अवकाश घोषित करते हुए सप्ताह में 5 कार्य दिवस तय किया गया है। शासन तक यह बात आई है कि कई शासकीय कार्यालयों-मैदानी कार्यालयों में अधिकारी-कर्मचारी तय समय पर दफ्तर ही नहीं आ रहे हैं। निर्देशों का उल्लंघन होने पर संबंधित अधिकारी-कर्मचारी पर सिविल सेवा आचरण नियमों के तहत कार्यवाही की जाएगी।

### कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने दोनों से किया किनारा

छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने इन दोनों संगठनों के रुख से किनारा कर लिया है। फेडरेशन के संयोजक कमल वर्मा का कहना है कि कुछ कर्मचारी नेताओं का यह रुख बेतुका है। उनका संगठन सरकार से लगातार पांच दिनों के वर्किंग ऑवर की मांग करता आ रहा है। सरकार ने इसे स्वीकार किया और सभी ने इसका स्वागत किया है। अब सरकार रोजाना केवल आधा घंटा अधिक काम लेना चाहती है, तो दिक्कत क्या है। लोगों के प्रति भी हमारी जिम्मेदारी बनती है। हम लोग संगठन के जरिए कर्मचारियों से संवाद की कोशिश कर रहे हैं कि वे समय पर कार्यालय आकर काम करें। 5 दिन काम और दो दिन छुट्टी का आदेश बहुत अच्छा है। सभी सरकारी कर्मचारी परिवार के साथ भरपूर समय व्यतीत कर सकेंगे।

### कामकाज 5 बजे तक ही रखने मुख्य सचिव से मिलेंगे

छत्तीसगढ़ संचालयीन कर्मचारी संघ के अध्यक्ष डॉ. जितेंद्र सिंह ठाकुर एक नई ही मांग पेश करने की तैयारी में हैं। ठाकुर कहते हैं उनके पास कर्मचारियों के लगातार संदेश आ रहे हैं। नवा रायपुर के कार्यालयों में काम कर रहे कर्मचारी-अधिकारी 5.30 बजे तक के कामकाज से परेशान हैं। नवा रायपुर से निकलने वाली पहली बस अब 5.40 पर रवाना हो रही है। कर्मचारियों का कहना है कि इससे रायपुर पहुंचने में एक घंटा लग जाता है। घर पहुंचने में तो रात हो जा रही है। उनका कहना है इस नए वर्किंग ऑवर से महिलाएं बहुत परेशान हैं। उन्हें घर जाकर परिवार और बच्चों को भी संभालना होता है। कर्मचारियों की मांग पर उनका संगठन जल्द ही सीएस से मिलकर नवा रायपुर के कार्यालयों के लिए कामकाज का समय शाम 5 बजे तक ही रखने की मांग करेगा।

### एक और झटके के लिए रहें तैयार: एयरटेल ने कहा- इस साल भी बढ़ाएंगे प्लान की कीमतें

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** पिछले साल दिसंबर में भी एयरटेल, जियो और वोडाफोन आइडिया के प्री-पेड प्लान 25 फीसदी तक महंगे हुए हैं। अब एयरटेल ने कहा है कि वह 2022 में भी अपने प्लान महंगे करेगी और इसकी शुरुआत करने में वह बिलकुल भी हिचकिचाएगी नहीं। एयरटेल अपने एवरेज रेवेन्यू प्रति यूजर (एआरपीयू) को 200 रुपये तक पहुंचाने की कोशिश में लगा है। आपकी जानकारी लिए बता दें कि पिछले साल दिसंबर में भी एयरटेल ने ही टैरिफमहंगे करने की शुरुआत की थी। अक्टूबर-दिसंबर में 2021 में एयरटेल का एआरपीयू 163 रुपये था जो कि साल-दर-साल के हिसाब से 2.2 फीसदी कम था। भारती एयरटेल के एमडी और सीईओ गोपाल विट्टल ने कहा, 'मुझे 2022 में टैरिफवृद्धि की उम्मीद है। मुझे नहीं लगता कि यह अगले 3-4 महीनों में होगा और हम नेतृत्व करने में संकोच नहीं करेंगे जैसा कि हमने हाल के दिनों में किया है।

# छत्तीसगढ़ में कोरोना के 1219 नए केस मिले, 24 घंटे में 10 की गई जान, पॉजिटिविटी दर 3.29 प्रतिशत



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में कोरोना की तीसरी लहर का संक्रमण अब धीरे-धीरे कम हो रहा है। पॉजिटिविटि दर भी कम हो गई है, लेकिन मौत के आंकड़े अब भी डरा रहे हैं। बुधवार को प्रदेश में 1219 नए केस मिले हैं, जिसमें रायपुर में सबसे ज्यादा 164 संक्रमितों की पुष्टि हुई है। कोरोना से प्रदेश में 10 लोगों की जान भी चली गई। रायपुर और दुर्ग में सबसे ज्यादा केस मिले हैं। प्रदेश में अभी 10,595 सक्रिय मरीज हैं। छत्तीसगढ़ में इस महामारी से अब तक 13,971 लोगों की जान जा चुकी है। कोरोना के नए वेरिएंट ओमिक्रॉन के 3 मरीजों की पुष्टि भी रायपुर में हुई है। प्रदेश में अब तक ओमिक्रॉन के कुल 46 मरीज मिल चुके हैं।

स्वास्थ्य विभाग के राज्य कंट्रोल एंड कमांड सेंटर से मिली जानकारी के मुताबिक बुधवार को प्रदेश में 1219 नए केस मिले हैं, जिसमें सबसे ज्यादा रायपुर में 164 नए संक्रमित मिले हैं।

### संक्रमण कम होते ही स्कूल खोलने की तैयारी

बुधवार को 37 हजार 098 सैंपलों की जांच की गई। प्रदेश में पॉजिटिविटी दर 3.41 प्रतिशत से घटकर 3.29 प्रतिशत हो गई है। कोरोना संक्रमण से रायपुर में 4, दुर्ग में 3, राजनांदगांव, धमतरी व महासमुंद में 1-1 की मौत हुई है। हॉस्पिटल से 128 लोग डिस्चार्ज हुए तो वहीं 1,912 लोगों ने होम आइसोलेशन पूरा किया है। स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने कहा कि प्रदेश में पॉजिटिविटी दर कम हुई है। बड़ी संख्या में मरीजों के स्वस्थ होने से एक्टिव केस भी धीरे-धीरे कम हो रहे हैं। इधर प्रदेश में कोरोना का संक्रमण कम होने के साथ ही स्कूलों को खोलने की तैयारी है। शिक्षामंत्री ने ऐसे संकेत दिए हैं। वहीं माध्यमिक शिक्षा मंडल ने 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा की तैयारियां भी शुरू कर दी है।

## संपादकीय

# हिजाब पर हंगामा

बेवजह के विवादों का दावानल बन जाना इन दिनों नई बात नहीं है। ऐसा ही एक विवाद बुधवार को कर्नाटक उच्च न्यायालय के सामने था। राज्य के स्कूलों में मुस्लिम लड़कियों के हिजाब पहनने पर लगी पाबंदी का मुद्दा पिछले कुछ दिनों से देश की बहुत सारी ऊर्जा सोख रहा है। आंदोलन हो रहे हैं, नफरत फैल या फैलाई जा रही है, समाज में तनाव बढ़ रहा है और इसकी आग अब देश भर में फैलती हुई दिख रही है। देश के दूसरे हिस्सों से भी विरोध प्रदर्शन की खबरें आ रही हैं। इस बीच महिलाओं के अधिकार से लेकर समाज सुधार जैसे कई तर्क इससे जोड़ दिए गए हैं। इसलिए जब यह मामला उच्च न्यायालय के सामने आया, तो अदालत ने उन जटिलताओं को भी समझा, जो इससे जोड़ दी गई हैं और इसकी संवेदनशीलता को भी ध्यान में रखा। न्यायालय को यह एहसास था कि इस मामले में उसके फैसले के परिणाम बहुत दूरगामी हो सकते हैं। इसलिए मामले की सुनवाई कर रहे न्यायाधीश ने कहा कि इस मुद्दे की सुनवाई अदालत की बड़ी पीठ द्वारा की जानी चाहिए। राज्य के उडुपी जिले की लड़कियों ने अदालत में यह याचिका दायर की थी कि इस मामले में उन्हें अंतरिम राहत दी जाए, लेकिन न्यायाधीश ने अंतरिम राहत का फैसला भी बड़ी पीठ के ऊपर ही छोड़ दिया। पिछले कुछ दिनों में यह विवाद इतना बड़ा हो गया है कि कर्नाटक सरकार को पूरे प्रदेश के स्कूल-कॉलेजों में छुट्टी घोषित करनी पड़ी है। हालांकि, इस बात की कोई गारंटी नहीं कि जब स्कूल-कॉलेज दोबारा खुलेंगे, तब तनाव फिर से न दिखाई दे। पूरे मामले को जिस तरह से सांप्रदायिक रंग दिया गया है और जिस तरह से इस बहाने एक धर्म के लोगों को दूसरे धर्म के खिलाफ खड़ा करने की कोशिश की जा रही है, उसमें बात सतही फैसलों से बनने वाली भी नहीं है। अब मामला यह नहीं है कि बात कहां से शुरू हुई थी, अब समस्या इसे लेकर शुरू हुई राजनीति है, जो समाज की पुरानी जटिलताओं के बारे में फैसला सड़कों पर कर लेना चाहती है। हिजाब या परदे को लेकर हमारे देश में कई समाज सुधारकों ने बहुत से गंभीर प्रयास किए हैं, इसके लिए लंबी लड़ाइयां भी लड़ी गई हैं। इनमें बहुत सारी लड़ाइयों में सफलताएं भी मिली हैं, बहुसंख्यकों में भी और अल्पसंख्यकों में भी। सच तो यह है कि ऐसे ही प्रयासों के कारण लड़कियां और महिलाएं घर की दहलीज से बाहर निकली हैं और अब वे पढ़ाई ही नहीं कर रहीं, बल्कि जीवन के तकरीबन सभी क्षेत्रों में सक्रिय दिखाई देती हैं। यह भी कहा जाता है कि वे घर से निकली हैं, इसीलिए परदा भी खत्म हुआ और उसके तर्क भी। यह ठीक है कि परदा अभी भी कई रूपों में मौजूद है, अधिकतर परंपराओं के कारण है और कुछ जगहों पर कट्टरता के कारण भी। जैसे-जैसे लड़कियां घरों से निकलेंगी, ये आग्रह भी खत्म होंगे ही। वैसे भी, परदा प्रथा को खत्म करने का मामला समाज सुधार का मामला है, राजनीति का नहीं। अगर किसी को जबरदस्ती परदा थोपने की इजाजत नहीं दी जा सकती, तो किसी को जबरन परदा हटाने की इजाजत भी नहीं दी जा सकती। अच्छा होगा, हम लड़कियों को खूब पढ़ाएं और अपने परदे का फैसला उनके विवेक पर ही छोड़ दें। लेकिन अभी तो जो हो रहा है, वह उनमें से कुछ के पढ़ने के रास्ते ही बंद कर सकता है।

> “ देश के दूसरे हिस्सों से भी विरोध प्रदर्शन की खबरें आ रही हैं। इस बीच महिलाओं के अधिकार से लेकर समाज सुधार जैसे कई तर्क इससे जोड़ दिए गए हैं। इसलिए जब यह मामला उच्च न्यायालय के सामने आया, तो अदालत ने उन जटिलताओं को भी समझा, जो इससे जोड़ दी गई हैं और इसकी संवेदनशीलता को भी ध्यान में रखा।

> “ संगठित क्षेत्र के प्रामाणिक आंकड़े तो हमें कई तरीके से मिल जाते हैं। कंपनियों द्वारा आयकर अथवा टीडीएस काटना भी हमें संगठित क्षेत्र की हकीकत कमोबेश बता देता है। मगर असंगठित क्षेत्र को यह लाभ हासिल नहीं है। सैंपल सर्वे में हम महज अनुमान लगाते हैं। अगर तय वक्त पर जनगणना के आंकड़े जारी न हों, तो फिर सैंपल सर्वे के निष्कर्षों पर भी शक बढ़ता जाता है।

# महज आंकड़ा नहीं जनगणना

सुरजीत मजूमदार, प्रोफेसर, जेएनयू

लोकसभा में एक सवाल के लिखित जवाब में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कोविड-19 के चलते जनगणना में देरी की बात कही है। उन्होंने सदन को बताया है कि 28 मार्च, 2019 को ही भारत के राजपत्र में इसे अधिसूचित कर दिया गया था, लेकिन कोरोना महामारी के कारण इस काम को अगले आदेश तक टाल दिया गया है। हालांकि, देश और समाज के लिहाज से जनगणना के महत्व को देखते हुए इसे लंबे समय तक रोके रखना उचित नहीं है। वैसे भी, जब अन्य सारे दैनिक कामकाज सामान्य रूप से हो रहे हैं, तब इस कार्य को स्थगित रखने का कोई अर्थ नहीं था।

हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि जनगणना के आंकड़े अन्य तमाम आंकड़ों से काफी अलग होते हैं। जहां अन्य आंकड़े सर्वेक्षण पर आधारित होते हैं, जिसमें कुछ लोगों से बातचीत करके निष्कर्ष तक पहुंचा जाता है, तो वहीं जनगणना की प्रक्रिया घर-घर जाकर पूरी होती है। यह उन निष्कर्षों की सत्यता पर मुहर लगाती है, जो अलग-अलग सर्वेक्षणों से हमें मिलते हैं। जनगणना उन आंकड़ों की कलई भी खोलती है और संशोधन की जरूरत (यदि हो तो) भी बताती है।

इसके आंकड़े हमें बताते हैं कि देश में जनसंख्या का फैलाव कहां, कितना और कैसा है? बहुत बारीक तौर पर तो नहीं, लेकिन सतही तौर पर ये आंकड़े यह भी बताते हैं कि लोग किन-किन आर्थिक गतिविधियों से जुड़े हैं। जैसे, 2011 की जनगणना से हमें पहली बार पता चला कि देश में किसानों की संख्या में गिरावट आई है। यहां किसान का अर्थ है, कृषि उत्पादन पर नियंत्रण रखने वाली आबादी। साल 2001 की जनगणना तक किसानों का प्रतिशत घट जरूर रहा था, पर उनकी संख्या कमोबेश स्थिर थी। मगर 2011 में न सिर्फ किसानों की आबादी में कमी देखी गई, बल्कि खेतिहर मजदूरों की संख्या में वृद्धि का पता चला। इसका अर्थ था कि एक बड़ी आबादी किसान से खेतिहर मजदूर बन गई। क्या इस प्रवृत्ति पर 2011 से 2021 के बीच रोक लगी या इसमें कमी या बढ़ोतरी हुई है? इसकी सही तस्वीर तो नई जनगणना से ही सामने आएगी।



कृषि क्षेत्र की वास्तविक स्थिति को जानना इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि आमतौर पर हम यही जानते हैं कि हिन्दुस्तान की अर्थव्यवस्था बदल रही है और लोग खेती-किसानी छोड़कर दूसरे क्षेत्रों में काम ढूंढ़ रहे हैं। इसकी वजह यह है कि कृषि से उनको जीने के लिए न्यूनतम आय नहीं हो रही। मगर कुछ सर्वेक्षणों ने यह भी बताया है कि रोजगार में जुटी आबादी का प्रतिशत घट रहा है। काम से अमूमन महिलाएं बाहर रहा करती थीं, लेकिन अब इसमें पुरुषों की संख्या भी बढ़ रही है, यानी कृषि छोड़ दूसरी गतिविधियों का हिस्सा बनने को आतुर आबादी को भी शायद ही रोजगार मिल पा रहा है। क्या वाकई ऐसा है? इसकी वास्तविक और प्रामाणिक तस्वीर भी हमें जनगणना से मिलेगी।

जनगणना का एक और महत्व है। शहरों और गांवों में फर्क आमतौर पर प्रशासनिक ढांचों (पंचायत, नगर निगम, महानगरपालिका आदि) से होता है। मगर जनगणना में फर्क का एक और मापक है। इसमें यह देखा जाता है कि कृषि क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियों का चरित्र क्या है? अगर किसी इलाके में गैर-कृषि कार्यों में जुटी आबादी का प्रतिशत ज्यादा होता है, तो जनगणना उसे शहरी इलाका मानती है। पिछली जनगणना में शहरी आबादी में बढ़ोतरी इसी कारण से हुई थी। उस वक्त शहरों में रहने वाले लोगों की संख्या नहीं बढ़ी थी, बल्कि कई क्षेत्रों के चरित्र में बदलाव हो गया था। जाहिर है, जैसे-जैसे अर्थव्यवस्था का ढांचा बदल रहा है, इस तरह की जानकारियां काफी अहम हो जाती हैं।

यह कवायद हमें बताती है कि अलग-अलग क्षेत्र में जनसंख्या वृद्धि का पैटर्न क्या है, काम-काज की तलाश में लोगों का पलायन कितना हो रहा है, विस्थापन की वजहें क्या हैं आदि? समाज और अर्थव्यवस्था के विश्लेषण में इस तरह के आंकड़े काफी महत्वपूर्ण माने जाते हैं। यह जानना इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि हमारी आबादी का एक बड़ा हिस्सा असंगठित है। संगठित क्षेत्र के प्रामाणिक आंकड़े तो हमें कई तरीके से मिल जाते हैं। कंपनियों द्वारा आयकर अथवा टीडीएस काटना भी हमें संगठित क्षेत्र की हकीकत कमोबेश बता देता है। मगर असंगठित क्षेत्र को यह लाभ हासिल नहीं है। सैंपल सर्वे में हम महज अनुमान लगाते हैं। अगर तय वक्त पर जनगणना के आंकड़े जारी न हों, तो फिर सैंपल सर्वे के निष्कर्षों पर भी शक बढ़ता जाता है। लिहाजा, केवल लोगों की संख्या जानने के लिए नहीं, बल्कि देश की योजनागत तैयारियों के लिए भी जनगणना बहुत जरूरी है। दिक्कत यह है कि जनगणना को ही सिर्फ नहीं टाला गया है, बल्कि जो अन्य सर्वे किए जाते हैं, उनको भी या तो पिछले कुछ वर्षों में पूरा नहीं किया गया अथवा उनके आंकड़े जारी नहीं किए गए। मसलन, राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय की उस रिपोर्ट को लोकसभा चुनाव तक के लिए टाल दिया गया था, जिसमें बेरोजगारी दर के पिछले साढ़े चार दशक में सर्वाधिक 6.1 प्रतिशत होने की बात कही गई थी, जबकि फरवरी, 2019 में भी यह रिपोर्ट 'लीक' हो गई थी। इसी तरह, राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा किए जाने वाले उपभोक्ता व्यय सर्वेक्षण के 2017-18 के आंकड़ों को जारी न करने का फैसला लिया गया, जबकि मीडिया में ऐसी चर्चा थी कि यह रिपोर्ट उपभोक्ता खर्च गिरने का संकेत दे रही है। यहां यह समझना होगा कि आंकड़ों या उसे तैयार करने की प्रक्रिया का सार्वजनिक होना बहुत जरूरी है। लोकतंत्र में फैसले लेने की एक तय प्रक्रिया होती है, जिसमें आंकड़ों की अहम भूमिका है। यदि विशेषज्ञों के पास सही आंकड़े नहीं होंगे, तो वे सार्वजनिक बहसों में अपनी भूमिका नहीं निभा सकेंगे। इन्हीं बहसों के आधार पर तो देश तय करता है कि उसके सामने किस तरह की चुनौतियां हैं और उसे कौन सी नीतियां अपनानी चाहिए?

बहरहाल, कोविड की वजह से ही यह काम रोका गया है या जातिगत जनगणना संबंधी राजनीतिक मांग की वजह से, इसका जवाब तो अभी सही-सही नहीं दिया जा सकता, लेकिन आंकड़े तैयार करना ज्ञान की प्रक्रिया का गंभीर हिस्सा है। जनगणना चूंकि हरेक हिन्दुस्तानी की गणना है, इसलिए इसका खास स्थान है। वैसे भी, यह एकमात्र ऐसी कवायद है, जिसमें एक-एक भारतीय की हकीकत के कुछ न कुछ पहलू जुटाए जाते हैं।


**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# परिवारों के अर्थ-प्रबंधन पर महामारी का असर

निरंजन राजाध्यक्ष , सीईओ और सीनियर फेलो, अर्थ इंडिया रिसर्च एडवाइजर्स

महामारी के सबसे बुरे दिनों में भारतीय परिवारों की आमदनी को गहरा धक्का लगा था। उन्होंने कैसे उसका सामना किया? और जिस तरह वे हालात से निपटे, क्या आने वाले समय में भारतीय अर्थव्यवस्था के सुधार पर उसका कोई असर पड़ेगा? सरकार ने हाल ही में महामारी की चपेट में आने के साथ शुरू और 31 मार्च, 2021 को खत्म हुए वित्तीय वर्ष की राष्ट्रीय आय, उपभोग पर हुए व्यय, बचत और पूंजी निर्माण से जुड़े संशोधित आकलन जारी किए हैं। इन नए आंकड़ों के इस्तेमाल से वह तस्वीर उकेरी जा सकती है कि हमारे परिवारों की क्या प्रतिक्रिया रही, खासकर वित्तीय प्रबंधन के मामले में? कुछ महत्वपूर्ण तथ्यों पर गौर कीजिए।

एक, महामारी के पहले वर्ष में उपभोक्ता-खर्च अपने पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष के मुकाबले तेजी से गिरा। वास्तविक निजी खर्च या उपभोक्ता-व्यय में 50 खरब रुपये की कमी आई। वास्तविक कीमत के बजाय सामान्य कीमत के लिहाज से भी इसमें 20 खरब रुपये की गिरावट आई। दूसरा तथ्य, उपभोक्ता-व्यय में गिरावट के बावजूद उस दौरान खाने-पीने, स्वास्थ्य, संचार व दूसरी उपयोगिताओं पर खर्च मामूली रूप से ही सही, पर बढ़ गई। शिक्षा पर होने वाला खर्च कमोबेश स्थिर रहा। आंकड़े बता रहे हैं कि कई लॉकडाउन के कारण चूंकि उस दौरान लोगों की आवाजाही लंबे अरसे तक बाधित रही, इसलिए परिवारों ने कपड़े, जूते-चप्पल, रेस्तरां और परिवहन आदि पर होने वाले खर्चों में ज्यादा कटौती की।



तीसरा तथ्य, भारतीय परिवारों की सकल बचत में हालांकि इस दौरान थोड़ी बढ़ोतरी हुई, यानी 46.1 खरब रुपये से अधिक की बचत हुई, लेकिन इन बचतों का भौतिक एवं वित्तीय रूप में विभाजन एक महत्वपूर्ण कहानी कहता है। सकल वित्तीय बचत में 70.1 खरब रुपये की वृद्धि हुई, लेकिन भौतिक संपत्ति में 20.25 खरब रुपये की कमी आ गई। सोने-चांदी जैसी बहुमूल्य धातुओं पर खर्च कमोबेश स्थिर रहा। साल 2020-21 में भारतीय परिवारों की सकल वित्तीय बचत में तेज वृद्धि महामारी के शुरुआती महीनों में सख्त लॉकडाउन की वजह से थी। आरबीआई का आकलन है कि वित्तीय वर्ष 2020-21 की पहली तिमाही में परिवारों की वित्तीय बचत जीडीपी की 21 फीसदी तक बढ़ गई थी, पर जैसे ही आवाजाही की पाबंदियों में छूट मिली, यह अपने सामान्य स्तर आठ प्रतिशत पर आ गई। जाहिर है, उस पहली तिमाही की इस असामान्य अतिरिक्त बचत का सीधा-सा मतलब है, यह रकम खर्च नहीं हो सकी थी।

ऐसा क्यों हुआ? इस सवाल का उत्तर मनोविज्ञान के पास है। अर्थशास्त्री तो आम तौर पर यह मानते हैं कि जब आमदनी में कोई नकारात्मक स्थिति पैदा होती है, तब लोगों की प्रतिक्रिया दो तरह की होती है। या तो अपने खर्च के पुराने स्तर को बनाए रखने के लिए वे कर्ज लेते हैं, या फिर अपनी बचत को सुरक्षित रखने के लिए खर्चे में ही कटौती कर लेते हैं। ये दोनों विकल्प बहुत हद तक इस बात पर निर्भर करते हैं कि आय को लगा झटका अंशकालिक है या स्थायी। अंशकालिक झटके में लोग अमूमन कर्ज लेकर अपने खर्च के स्तर को सामान्य बनाए रखते हैं, लेकिन आमदनी में स्थायी कटौती की सूरत में परिवार बचत को लंबे समय तक सुरक्षित रखने के लिए खर्च में कटौती करने लगते हैं। तथ्य यह है कि नोटबंदी के बाद के दो वर्षों में परिवारों के कर्ज में तेज बढ़ोतरी हुई, लेकिन उस तुलना में साल 2020-21 में कोई खास वृद्धि नहीं हुई। यह बताता है कि भारतीय परिवारों ने आमदनी के झटके को स्थायी झटके के तौर पर देखना शुरू कर दिया है। फिलहाल तो यह सूक्ष्म आंकड़ों के अध्ययन के आधार पर यह एक अनुमान है, लेकिन यह एक ऐसा मुद्दा है, जिसमें अंतर्निहित व्यवहारों को समझने के लिए व्यापक घरेलू सर्वेक्षण की जरूरत है।

संभावना है कि जैसे-जैसे अर्थव्यवस्था में सुधार होगा, परिवारों की वित्तीय बचत भी सामान्य हो जाएगी। फिर भी, गौरतलब है कि भारतीय परिवार भौतिक बचत से वित्तीय बचत की ओर निर्णायक रूप से बढ़ रहे हैं। बहरहाल, भारतीय अर्थव्यवस्था 2020 के उस बदतर दौर से उबर चुकी है, जब उत्पादन में भारी गिरावट आई थी। संभव है कि परिवारों ने उस वक्त जो कठिनाइयां देखीं, उनका स्थायी असर उनके खर्च करने, बचत और कर्ज लेने के व्यवहार पर भी पड़ा हो।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**





स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे

9827806026, 7869620239
























आर्टिफिशियल ज्वेलरी के विक्रेता
अनुप ट्रेडर्स
सर्कुलर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई


# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़


इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM



## खास खबर

### टीचर्स एशोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन

**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसियेशन गरियाबन्द के जिलाध्यक्ष परमेश्वर निर्मलकर के नेतृत्व में जिला शिक्षा अधिकारी के नाम से एक ज्ञापन आज संयुक्त संचालक अरविंद ध्रुव को सौंपा गया जिसमें कहा गया है,जिसमे काउंसलिंग के माध्यम पदोन्नति प्रक्रिया की जावे एवं जिले में विभिन्न विषयो के रिक्त पदों को सार्वजनिक किये जाने की मांग किया गया।वही जिलाशिक्षाधिकारी के नाम सौंपे ज्ञापन में कहा गया कि राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में भी सहायक शिक्षक से शिक्षक एवं प्राथमिक शाला में प्रधानपाठक के पद पर पदोन्नति किया जाना है इन पदो पर पदोन्नति की प्रक्रिया काउंसलिंग के माध्यम से किया जावे तथा जिले में विभिन्न विषय मे पदों की रिक्त पदों की संख्या को सार्वजनिक किया जावे। इस अवसर पर प्रतिनिधि मंडल में जिलाध्यक्ष परमेश्वर निर्मलकर,प्रांतीय सहसचिव विनोद सिन्हा,प्रदेश मंत्री छन्नू लाल सिन्हा, प्रांतीय महिला प्रकोष्ठ से गीता शरणागत, आई टी सेल प्रभारी गिरीश शर्मा, ब्लाक अध्यक्ष गण सन्तोष साहू ( छुरा ),जितेन्द्र सोनवानी (गरियाबन्द),हुलास साहू (फिंगेश्वर), राजेन्द्र दीवान, ईश्वरी सिन्हा, प्रतिभा सकरिया आदि शामिल थे।

### वैक्सीनेशन बढ़ाने सभी समन्वय के साथ कार्य करें-कलेक्टर

**नारायणपुर।** कलेक्टर रितुराज रघुवंशी ने आज ओरछा विकासखण्ड के विश्राम गृह में स्वास्थ्य, पंचायत सचिव एवं आंगनबाड़ी पर्यवेक्षकों की बैठक लेकर अधिक से अधिक वैक्सीनेशन करने पर जोर दिया। बैठक में कलेक्टर रघुवंशी ने कहा कि ओरछा विकासखंड में लक्ष्य के अनुरूप हुए वैक्सीनेशन संतोषजनक नहीं हैं। कोविड-19 के प्रभावी रोकथाम के लिए वैक्सीनेशन की गति को बढ़ाने की आवश्यकता है, जिसके लिए पंचायत सचिवों की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने ग्राम पंचायतवार वैक्सीनेशन की जानकारी पंचायत सचिवों से ली। पंचायत सचिव गांवों में कोविड-19 के वैक्सीनेशन हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार, मुनादी आदि कार्य वैक्सीनेशन दिवस के पूर्व करा लें। कलेक्टर ने कहा कि सभी ग्राम पंचायतों में 15 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों का रजिस्टर तैयार किया जाये।

# वन मंत्री मोहम्मद अकबर ने रेंगाखारकला और खैरबनाकला में 1223 हितग्राहियों को किया नवीन राशन कार्ड वितरण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। वन, परिवहन, आवास एवं पर्यावरण मंत्री श्री मोहम्मद अकबर ने आज कबीरधाम प्रवास के दौरान ग्राम पंचायत रेंगाखारकला और खैरबनाकला में आयोजित नवीन राशन कार्ड वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए।**



ग्राम पंचायत रेंगाखारकला और खैरबनाकला में आयोजित नवीन राशन कार्ड वितरण कार्यक्रम में 37 ग्राम पंचायतों के 99 आश्रित ग्रामों के लगभग 1223 हितग्राहियों को नवीन राशन कार्ड वितरित किया। उन्होंने कार्यक्रम में कहा कि हमने जो वादा किया था उसे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में पूरा कर रहे है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रदेश के सभी परिवारों को राशन कार्ड बनाकर दिया गया। अब वर्तमान परिस्थितियों में परिवार बढ़ने और विवाह के बाद परिवार से जो अलग हो रहे है ऐसे परिवारों को भी छत्तीसगढ़ सार्वभौम पीडीएस योजना से जोड़कर उनके लिए योजना के तहत राशन उपलब्ध कराया जा रहा है। मंत्री श्री अकबर ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य शासन ने सबको रियायती दर पर राशन उपलब्ध कराने का बीड़ा उठाया है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार ने कोटवार से लेकर कलेक्टर तक को इस योजना में शामिल किया है। राशन कार्ड के लिए गरीबी रेखा में होना अनिवार्य नहीं है यह योजना सभी लोगों के लिए है। उन्होंने इस अवसर पर छत्तीयगढ़ सरकार द्वारा हाल ही में शुरू किए गए राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस योजना के तहत ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूरों को सालाना 6 हजार रूपए दिया जाएगा।

इसके पहले किस्त भी इनके खाते में भुगतान किया गया है। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी किसान न्याय योजना और राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना से अब राज्य के सभी वर्गो का समुचित विकास होगा। मंत्री अकबर ने नवीन राशन कार्ड वितरण कार्यक्रम में लगभग 1223 हितग्राहियों को नवीन राशन कार्ड वितरित किया गया। उन्होंने रेंगाखारकला के नवीन राशन कार्ड वितरण कार्यक्रम में ग्राम पंचायत रेंगाखार कला के 27, बम्हनी के 38, खारा के 55, उसरवाही के 35, बोदा-47 के 32 पण्डरिया के 18, खम्हरिया के 28, रोल के 10, पण्डरीपानी के 86, सरईपतेरा के 33, कोयलारझोरी के 63, मिनमिनिया जंगल के 8, भेलवाटोला के 47, घानुखुंटा के 7, बरेण्डा के 20, नवागांव के 35, कटंगीकला के 47, लोहारीडीह के 74, निवासपुर के 15 और ग्राम पंचायत सिवनीखुर्द के 13 कुल 691 हितग्राहियों को नवीन राशनकार्ड वितरण किया गया।

इसी तरह ग्राम पंचायत खैरबनाकला के नवीन राशन कार्ड वितरण कार्यक्रम में ग्राम पंचायत खैरबनाकला के 66, चिखली के 37, बाघुटोला के 24, कटगो के 11, लालपुर कला के 30, बांधा के 41, महराजपुर के 57, कांपा के 28, जेवड़नकला के 47, चिमरा के 28, रौचन के 10, बरहट्टी के 19, बेंदरची के 30, सरेखा के 37, लाटा के 34, सिघनपुरी के 1 और ग्राम पंचायत तारों के 32 कुल 532 हितग्राहियों को नवीन राशनकार्ड वितरण किया गया।

# फूल नदी पर पुल निर्माण कार्य का मंत्री लखमा ने किया भूमिपूजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। उद्योग मंत्री कवासी लखमा ने सुकमा जिले के छिंदगढ़ ब्लॉक के ग्राम पेदारास में फूल नदी पर पुल निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने पुसगुन्ना में भी पुल निर्माण की घोषणा की। उल्लेखनीय है कि फूल नदी पर 5.45 करोड़ रूपए की लागत वाले 96 मीटर लम्बा पुल निर्माण से पेदारास से डोलेरास मार्ग पर आवागमन सुगम होगा।**



मंत्री लखमा ने फूल नदी तट पर पुल निर्माण कार्य के साथ-साथ और पहुंच मार्ग निर्माण कार्य का भी भूमिपूजन किया। पेदारास में पुल निर्माण से कुकानार, कुम्हाररास, डोलेरास, गुरबई, महिमा, मलवार, कटुलमारी, होमारास, चुलेरास, जंगमपाल, कुन्दनपाल, पाण्डवार तथा हमीरगढ़ सहित 14 गांवों के 10130 ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा होगी। इस दौरान चित्रकोट विधायक राजमन बेन्जाम, सुकमा जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश कवासी, जिला पंचायत सदस्यमती फूलेश्वरी बघेल, छिन्दगढ़ जनपद पंचायत अध्यक्षमती देवली बाई नाग, पेदारास ग्राम पंचायत सरपंच हुंगाराम बंजामी, जनपद सदस्य गण, जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

उद्योग मंत्री कवासी लखमा ने इस अवसर पर कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के विकास में सड़क, पुल-पुलिया का विकास हमारी प्राथमिकता है। जिसे राज्य शासन तत्परता से पूर्ण कर रही है। उन्होंने कहा कि यहां पहले सड़क नहीं थी, साइकिल चलाना तक दुभर था। पर आज पक्की सड़के हैं, ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए पुलिस, सुरक्षा बल कैम्प भी स्थापित किए गए हैं। क्षेत्र में हो रहे विकास से प्रशासन और सुरक्षाबलों के प्रति ग्रामीणों का विश्वास बढ़ा है। उन्होंने कहा कि कुकानार क्षेत्र में लगभग 20 किलोमीटर लम्बी सड़क निर्माण से यहां के निवासियों को आवागमन में आसानी हुई है। ग्रामीण अब सहजता से बिना किसी भय के आवागमन करते हैं। जल्द ही कुकानार को उप तहसील का दर्जा दिलाने और खेल मैदान बनाने का भी प्रयास किया जाएगा।

मंत्री लखमा ने कहा कि बस्तर क्षेत्र सड़क, पुल पुलिया विकास नहीं होने के कारण ही शिक्षा, स्वास्थ्य सहित अन्य आयामों में प्रगति नहीं कर पाया। लेकिन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में सुकमा सहित पूरे बस्तर की छवि बदली है। निराश्रित पेंशन, वृद्धा पेंशन, भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना सहित आदिवासी ग्रामीणों के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही है, जिससे आदिवासी अंचल प्रगति कर रहा है। इसके साथ ही पंचायती राज सशक्तिकरण के लिए भी शासन लगातार कार्य कर रही है। इस अवसर पर चित्रकोट विधायक राजमन बेन्जाम ने भी सभा को सम्बोधित किया।

## ग्राम लिटीपारा में ग्रामीणों को बांटी रेडियो और दैनिक उपयोग की सामग्री

**गरियाबंद।** केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की 65 वीं बटालियन के द्वारा प्रशासनिक ड्यूटी के दौरान शासकीय हाई स्कूल लिटीपारा जिला गरियाबन्द में सिविक एक्सन प्रोग्राम का आयोजन कंमाण्डेन्ट -65 बटा,केरिपुबल के द्वारा दीप प्रजवल्लित करके एवं शासकीय हाई स्कूल लिटीपारा के बच्चों के द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम से किया गया । इसके बाद ग्रामीण महिलाओं को साडियां,कंबल,मच्छरदानी , लूंगी , राशन सामग्री इत्यादि के साथ साथ मेडिकल कैम्प लगाकर नि:शुल्क दवाईयों का भी वितरण किया गया। 65 बटालियन के कमाण्डेन्ट विजय कुमार सिंह ने नक्सलियों द्वारा की जा रही गतिविधियों के संबंध में अवगत करवाते हुये आस पास के ग्रामीणों को भय मुक्त जीवन यापन करने हेतू प्रोत्साहित किया एवं साथ ही उन्होने बटालियन की कम्पनियों की उपलब्धियों की चर्चा करते हुये स्थानीय ग्रामीणों को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया ।

इसके अतिरिक्त कमाण्डेन्ट महोदय ने यह भी अवगत कराया की ऐसे कार्यक्रम जहाँ एक ओर केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल एवं स्थानीय जनता ग्रामीणों के बीच बेहतर संबंध स्थापित करने में सहायक है। ( शा 0 मा 0 विधालय लिटटीपारा ) सोनसाय निषाद ( अध्यक्ष हाई स्कूल ) कार्तिक राम नागेश ( सदस्य हाई स्कूल ) उप निरीक्षक सुमन पोया ( थाना पीपरछेडी ) तथा स्थानीय ग्रामीणों के अलावा केन्द्रीय रिजर्व पुलिस के आला अधिकारी भी मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लीनिक योजना का समुचित क्रियान्वयन सुनिश्चित की जाए : कलेक्टर बंसल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जगदलपुर। कलेक्टर रजत बंसल ने मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लीनिक योजना को राज्य शासन की अत्यंत महत्वाकांक्षी एवं विशेष प्राथमिकता वाले योजना बताते हुए बस्तर जिले में इसका शत प्रतिशत क्रियान्वयन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं।**



कलेक्टर बंसल आज कलेक्टोरेट जगदलपुर के प्रेरणा कक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में स्वास्थ्य एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इस योजना के अन्तर्गत हाट-बाजारों में लगाए जाने वाले क्लीनिकों में इलाज किए जाने वाले मरीजों की संख्या भी समुचित होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जिले के प्रत्येक हाट-बाजार क्लीनिकों के ओपीडी में आने वाले मरीजों की संख्या किसी भी स्थिति में 100 से कम नहीं होना चाहिए। इसके लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को जरूरी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोहित व्यास, सहायक कलेक्टर सु सुरुचि सिंह सहित राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों के अलावा विभाग प्रमुख एवं जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

बंसल ने कहा कि मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लीनक योजना जरूरतमंद एवं गरीब लोगों के बीच पहुंचकर उन्हें स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ पहुंचाने हेतु बहुत ही कारगर एवं दूरगामी योजना है। इसलिए जिले में इस योजना का शतप्रतिशत क्रियान्वयन सुनिश्चित होना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि आम लोगों को इस योजना की जानकारी मिल सके इसके लिए नुक्कड़ नाटक, दिवाल लेखन, मुनादी आदि के माध्यम से इसका समुचित प्रचार-प्रसार भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने इसके समुचित क्रियान्वयन के लिए युवोदय के वालंटियरों की भी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित कराने को कहा। बैठक में बंसल ने स्कूली बच्चों के जाति प्रमाण पत्र बनाने के कार्य की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को राजस्व अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर इस कार्य को समय-सीमा में पूरा कराने के निर्देश भी दिए। बंसल ने वर्तमान समय में कोरोना मरीजों की संख्या में लगातार हो रहे कमी को देखते हुए सोमवार 14 फरवरी से जिले के सभी स्कूलों का संचालन नियमित रूप से करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में बंसल ने उद्यानिकी महाविद्यालय के अधिकारियों से जिले में बस्तर कॉफी के उत्पादन को बढ़ाने हेतु किए जा रहे उपायों की भी जानकारी ली। इसके लिए उन्होंने जरूरी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए हैं। बैठक में कलेक्टर ने जिले के सभी ग्रामों में राजीव युवा मितान क्लब के गठन के कार्यो की भी समीक्षा की। उन्होंने जिले के सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों को प्रत्येक गांवों में इसका अनिवार्य रूप से गठन कराने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान की समीक्षा करते हुए जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग को इस कार्य के प्रगति के संबंध में जानकारी ली। बंसल ने जिले के सभी शासकीय कार्यालयों में आम लोगों का सुगमता से पहुंच सुनिश्चित कराने तथा कार्यालयों को बाधा रहित बनाने के निर्देश भी दिए।

# अष्टभुजी शक्तिपीठ मां दुर्गा मंदिर उमरगांव में गुप्त नवरात्रि का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**नगरी।** गुप्त नवरात्रि के पवन पर्व पर 2 फरवरी से 10 फरवरी तक अष्टभुजी मां दुर्गा मंदिर उमरगांव में गुप्त नवरात्रि के पवन पर्व को मनाया जा रहा है। कोविड-19 के प्रोटोकॉल को देखते हुए इस वर्ष श्रद्धालु भक्तजनों के द्वारा 60 ज्योति क्लास प्रज्वलित किया गया है साथ ही यज्ञचार्य पंडित द्वारिका प्रसाद पाण्डेय जी के द्वारा इस पवन पर्व पर विश्व कल्याण के लिए एक कुंडी सतचंडी यज्ञ रोजाना संपन्न कराया जा रहा है

गुप्त नवरात्र के संबंध में जानकारी देते हुए पंडित यज्ञचार्य द्वारिका प्रसाद पाण्डेय ने बताया कि गुप्त अर्थात छिपा हुआ और गुप्त नवरात्रि अर्थात आडंबरों से अनावृत हुई मूल दुर्गा शक्ति को साधने का पर्व चैत्र और आश्विन महीने की प्रत्यक्ष नवरात्रि को जहां धूमधाम से मनाई जाती है वैसा गुप्त नवरात्र में नहीं होता गुप्त नवरात्र में पूजा पाठ यज्ञ हवन करने का भी विधान है गुप्त नवरात्रि साधकों और तांत्रिकों के लिए बेहद खास है यहां पर तांत्रिक गुप्त साधना कर गुप्त शक्तियों को प्राप्त कर सकते हैं इसीलिए गुप्त नवरात्र को तांत्रिकों के लिए खास माना जाता है प्रत्यक्ष नवरात्रि में सांसारिक इच्छाओं की पूर्ति के लिए पूजा पाठ किया जाता है जबकि गुप्त नवरात्र का महत्व जीवन की समस्याओं बाधाओं की समाप्ति के लिए आध्यात्मिक उच्चता और सिद्ध प्राप्त करने के लिए साधना व पूजन संपन्न किया जाता है सीधे और सरल शब्दों में कहा जाए तो गुप्त नवरात्रि शक्ति के मूल स्वरूप शक्ति के प्राकृतिक स्वरूप की साधना का समय है अंतर्मन में छिपी गुप्त शक्तियों को जागृत करने का विशेष समय गुप्त नवरात्रि है ।

भक्तों की सरलता पूजन के लिए गुप्त नवरात्रि पर सभी भक्तजन घाट स्थापना कर सुबह शाम अपने घर में घी या तेल की ज्योति जला कर 10 महाविद्याओं की साधना व पूजा-पाठ यज्ञ में आहुति दे कर इस नवरात्रि में अन्य नवरात्रों की तरह ही उपवास रख कर नव कन्या पूजन कर गुप्त नवरात्र को संपन्न किया जा सकता है गुप्त नवरात्रि शक्ति साधनों के द्वारा जीवन में उच्चता प्राप्त करने का मुहूर्त है जीवन को लघुतम की ओर ले जाने का पर्व है । ऐश्वर्या, ये सब उस शक्ति की साधना पूजा अर्चना कर सरलता से प्राप्त किया जा सकता है ।

### आश्वासन अभियान का किया शुभारंभ

**राजनांदगांव ।** महापौर हेमा देशमुख, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथलेश चौधरी द्वारा 100 दिन 100 जिलों में कोविड एवं टीबी के संक्रमण की कड़ी तोडने् के अभियान आश्वासन का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में किया गया। पिरामल स्वास्थ्य द्वारा जिले के 5 विकासखंड डोंगरगढ़, अंबागढ़ चौकी, छुरिया, मोहला और मानपुर के आदिवासी ग्रामों में प्रचार-प्रसार वाहनों के माध्यम से कोविड-19 एवं क्षय रोग के संबंध में जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। ताकि लोगों में कोविड वैक्सीन के प्रति गलत धारणाओं, भ्रांतियों एवं झिझक को दूर किया जा सके।

MENS Clothing
A COMPLETE MEN'S FASHION STORE
Shahrukh Quraishy
8818880051
Infront Of National Steel,
Maharaja Chowk, Durg (C.G.) 491001
E-mail.:- shahrukhquraishy786@gmail.com

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65
CONTACT
Premier sales 8959493000
Arhum Electronics 9926100315
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

Jeans, Trousers, Shirts, T-shirts, Top, Legis, Suits & All Types of Mens & Ledies Wears
Rock Star
Girls & Mens Wear
Kishan Ahuja
9300628876
Maharja Chowk, opp. Oriental Bank, Borsi,Road, Durg (C.G.)

Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

SHRI SAI
COMMERCE COACHING
A Complete Commerce Solution
ONLINE CLASS
XI XII B.COM
CA/CS/CMA
Registration Open
KHOOBI SIR- Director
Sirsa Road, Kohka, Bhilai, Mo.-98935-82241
www.shri.sai.commercecoaching.com

# भूमकाल आंदोलन आदिवासियों के स्वाभिमान, जल, जंगल जमीन और स्वतंत्रता की लड़ाई का प्रतीकः भूपेश बघेल

### मुख्यमंत्री ने अमर शहीद गुण्डाधुर की प्रतिमा का किया वर्चुअल लोकार्पण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भूमकाल दिवस के एक दिन पहले आज अपने रायपुर निवास कार्यालय से नगर पालिका कांकेर के घड़ी चौक में स्थापित अमर शहीद गुण्डाधुर की प्रतिमा का वर्चुअल लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अमर शहीद गुण्डाधुर को नमन करते हुए कहा कि उन्होंने बस्तर में भूमकाल आंदोलन का नेतृत्व किया। भूमकाल आंदोलन सन् 1909 में प्रारंभ हुआ था। यह आंदोलन आदिवासियों के स्वाभिमान, आदिवासियों के जल, जंगल और जमीन तथा आदिवासियों की स्वतंत्रता की लड़ाई थी। उन्होंने सीमित संसाधनों के बावजूद अंग्रेजों से लोहा लिया। वो अंग्रेजों के सामने झुके नहीं। उन्होंने आदिवासी समाज को जोड़ा।



विधानसभा के उपाध्यक्ष मनोज मंडावी रायपुर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम में जुड़े। संसदीय सचिव शिशुपाल सोरी, नगरपालिका कांकेर अध्यक्ष सरोज ठाकुर, जिला पंचायत कांकेर अध्यक्ष हेमन्त ध्रुव सहित अनेक जनप्रतिनिधि, पार्षद, गोंडवाना समाज के अनेक पदाधिकारी और बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक इस अवसर पर कांकेर में उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि 1857 की क्रांति के पहले ही परलकोट के राजा अमर शहीद गैंद सिंह ने 1925 में अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह का बिगुल फूंका। 1857 की लड़ाई में अमर शहीद वीर नारायण सिंह ने अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई छेड़ी थी। हमारे इन जननायकों ने अपनी आजादी की किसी भी कीमत पर गिरवी नही रखा। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की आजादी की लड़ाई में हमारे इन वीर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का अमूल्य योगदान जिस तरह रेखांकित होना था, वैसा रेखांकित नही हो पाया। अब हमारा आदिवासी समाज जागृत हो रहा है और इन वीरों के योगदान को रेखांकित करने के साथ उनका स्मरण कर रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बस्तर में मलेरिया उन्मूलन अभियान से मलेरिया के मामले में भी उल्लेखनीय कमी आई है। राज्य सरकार ने कुपोषण से लड़ने के लिए मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान प्रारंभ किया, जिससे बच्चों और महिलाओं में कुपोषण कम हुआ है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का यह प्रयास है कि बस्तर के लोग शारीरिक रूप से सशक्त हों, शैक्षणिक और आर्थिक रूप से मजबूत हों, इसके साथ उन्हें अधिकार मिलें, तो वे और आगे तरक्की करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि बस्तर के विकास में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने अमर शहीद गुण्डाधुर की स्मृतियों को चिरस्थाई बनाने के लिए कांकेरवासियों द्वारा उनकी प्रतिमा की स्थापना के कार्य की सराहना की।

कार्यक्रम से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े विधानसभा के उपाध्यक्ष मनोज सिंह मण्डावी ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि भूमकाल क्रांति के महानायक अमर शहीद गुण्डाधुर ने आजादी के 37 साल पहले सन् 1910 में बस्तर जैसे वनांचल क्षेत्र में अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई छेड़ी, जिनके कब्जे में पूरा देश था। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में आदिवासियों के समग्र विकास और उनकी संस्कृति और परम्पराओं के संरक्षण के लिए किए जा रहे कार्यों का विस्तार से उल्लेख किया।

कांकेर में कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित संसदीय सचिव शिशुपाल सोरी ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि बस्तर के प्रवेश द्वार कांकेर में आज स्थापित की जा रही अमर शहीद गुण्डाधुर की प्रतिमा आदिवासी समाज सहित सम्पूर्ण बस्तर को गौरवान्वित करेगी। उन्होंने कहा कि बस्तर के शूरवीरों ने आजादी की अलख जगाई और सारे समाज को एक सूत्र में पिरोया। कार्यक्रम को जिला पंचायत कांकेर के अध्यक्ष हेमंत ध्रुव सहित अनेक जनप्रतिनिधियों ने सम्बोधित किया। आभार प्रदर्शन नगर पालिका कांकेर की अध्यक्ष सरोज ठाकुर ने किया।

#### ग्रामीण अर्थव्यवस्था सुदृढ़ हो रही

मुख्यमंत्री बघेल ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार ने आदिवासियों के हित में अनेक कदम उठाए हैं। जमीन वापसी, किसानों की ऋण माफी के साथ वनवासियों को वन अधिकार देने का काम राज्य सरकार द्वारा किया गया। वनोपजों की समर्थन मूल्य पर खरीदी और उनके वेल्यू ऐडिशन के साथ कोदो, कुटकी और रागी की समर्थन मूल्य पर खरीदी की जा रही है। इन कार्यो से ग्रामीण अर्थव्यवस्था सुदृढ़ हो रही है। इनके साथ-साथ आदिवासी अंचलों में शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के बेहतर उपाय किए गए हैं। बच्चों को शिक्षा के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल प्रारंभ किए गए। बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं है, जरूरत उन्हें अच्छे अवसर उपलब्ध कराने की है। उन्होंने कहा कि हमारे आदिवासी भाई अस्पताल नहीं जाते हैं, इसलिए हाट बाजार क्लिनिक योजना प्रारंभ की गई, जिसका यह सुखद परिणाम रहा कि बस्तर में उल्टी, दस्त और डायरिया के प्रकरण में कमी आई।

## खास खबर

### राज्य में अब तक लगभग 98 लाख मीटरिक टन धान की खरीदी

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की दूरदर्शी सोच और उदार फैसलों का नतीजा है कि छत्तीसगढ़ राज्य में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के चालू सीजन में लगभग 98 लाख मीटरिक टन धान खरीदी हुई है। प्रदेश में अब तक 21.77 लाख किसानों ने सुगमता पूर्वक उपार्जन केन्द्रों में धान विक्रय किया है।

मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप धान खरीदी के साथ ही समांतर रूप से कस्टम मिलिंग के लिए धान का उठाव तेजी से किया जा रहा है। मुख्यमंत्री के आह्वान पर अब तक मिलर्स द्वारा डीओ और टीओ के माध्यम से 67 लाख मीटरिक टन धान का उठाव हो चुका है। छत्तीसगढ़ राज्य केन्द्रीय पूल में चावल जमा कराने के मामले में भी तेजी से काम कर रही है। अब तक 17.98 लाख मीटरिक टन केन्द्रीय पूल में गुणवत्तापूर्ण चावल जमा करा चुके हैं। इनमें भारतीय खाद्य निगम में 9.90 लाख मीटरिक टन और नागरिक आपूर्ति निगम में 8.08 लाख मीटरिक टन जमा चावल शामिल है।

खाद्य सचिव टोपेश्वर वर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री की पहल पर इस वर्ष धान खरीदी के साथ-साथ कस्टम मिलिंग के लिए धान का तेजी से उठाव भी किया जा रहा है। अब तक डीओ और टीओ के माध्यम से 67 लाख मीटरिक टन धान का रिकार्ड उठाव हो चुका है। श्री वर्मा ने बताया कि 55 लाख 04 हजार मीटरिक टन धान का डीओ जारी कर दिया गया है। उपार्जन केन्द्रों से मिलर्स द्वारा 49 लाख 20 हजार मीटरिक धान का उठाव कर लिया गया है। इसी प्रकार 22 लाख 13 हजार मीटरिक टन धान के परिवहन के लिए टीओ जारी किया गया है। जिसके विरूद्ध समितियों से 17 लाख 80 हजार मीटरिक टन धान का उठाव हो चुका है।

### नवा रायपुर के रिहायशी बसाहटों का सर्वे आज से प्रारंभ

**रायपुर।** कलेक्टर रायपुर सौरभ कुमार के निर्देश पर कल 10 फरवरी से नवा रायपुर के रिहायशी बसाहटो के सर्वे का कार्य प्रारंभ किया जा रहा है। सर्वे हेतु संबंधित पटवारी एवं राजस्व निरीक्षकों का 7 दल गठित किया गया है। जो राजस्व अधिकारियों के निर्देश में सर्वे का कार्य करेंगे। सभी संबंधित पंचायत प्रतिनिधियों को भी सूचित किया गया है कि वे सर्वेक्षण में सहयोग करें। संयुक्त कलेक्टर यू एस अग्रवाल ने बताया कि आरंग एवं अभनपुर के अनुविभागीय दंडाधिकारी (राजस्व) अपने- अपने क्षेत्र के सर्वे के लिए प्रभारी अधिकारी होंगे।

### मानसिक स्वास्थ्य की समस्याओं और उनके निवारण के लिए वेबिनार कल

**रायपुर (ए)।** मानसिक स्वास्थ्य की समस्याओं और उनके निवारण के लिए महिलाओं और किशोरियों के लिए राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत मेंटल वेल बीइंग वेबिनार का आयोजन किया जाएगा। प्रधान मंत्री कार्यालय के सहयोग से आयोजित यह ऑनलाइन वेबिनार कल दोपहर तीन बजे से 4:30 बजे तक होगा। जिसमें मनोचिकित्सक विशेषज्ञ महिलाओं और किशोरियों को मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जानकारी देंगे। कार्यक्रम में प्रतिभागी भाग ले सकेंगे। उप संचालक राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम डॉ. महेंद्र सिंह ने बताया कि महिलाओं को मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के प्रति जागरूक करने की जरूरत है।

# कृषि विद्यार्थियों के लिए वेबिनार श्रृंखला का आयोजन सराहनीयः डॉ. सेंगर

### महाविद्यालयीन विद्यार्थियों में अवसाद प्रबंधन पर वेबिनार आयोजित

### कृषि विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित सात दिवसीय वेबिनार श्रृंखला का समापन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** भारत में कृषि उच्च शिक्षा के विकास एवं सुदृढ़ीकरण हेतु इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय एवं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय वेबिनार श्रृंखला का आज यहां समापन किया गया। समापन दिवस पर महाविद्यालयीन छात्रों ने अवसाद का प्रबंधन विषय पर वेबिनार आयोजित किया गया। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के डॉ. एसएस सेंगर थे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि कृषि महाविद्यालय, रायपुर के अधिष्ठाता डॉ. एमपी ठाकुर थे एवं अध्यक्षता अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. (मेजर) जीके श्रीवास्तव ने की। आज के वेबिनार की मुख्य वक्ता मनोचिकित्सक डॉ. अम्बा सेठी ने महाविद्यालयीन विद्यार्थियों में अवसाद के कारणों, लक्षणों, निदान एवं उपचार के संबंध में व्याख्यान दिया। उल्लेखनीय है कि इंदिरा



गांधी कृषि विश्वविद्यालय द्वारा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् के वित्तीय सहयोग से कृषि छात्र-छात्राओं के लिए 01 से 09 फरवरी तक विभिन्न विषयों पर वेबिनार श्रृंखला का आयोजन किया गया।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. एसएस सेंगर ने कहा कि अधिष्ठाता छात्र कल्याण द्वारा विभिन्न कृषि महाविद्यालयों के विद्यार्थियों हेतु विभिन्न उपयोगी विषयों पर वेबिनार श्रृंखला का आयोजन एक सराहनीय प्रयास है। इन वेबिनारों में विषय विशेषज्ञों द्वारा कृषि छात्रों के लिए कैरियर एवं व्यवसाय की सम्भावनाएं, कृषि छात्रों के लिए सिविल सर्विसेस की तैयारी, विद्यार्थियों की शारीरिक तंदरूस्ती एवं मानसिक स्वास्थ्य, कृषि विद्यार्थियों के लिए विदेशी शिक्षण संस्थानों में अध्ययन की सम्भावनाएं, सड़क सुरक्षा जागरूकता तथा महाविद्यालयीन छात्रों में अवसाद प्रबंधन जैसे छात्रोपयोगी महत्वपूर्ण विषयों पर सारगर्भित जानकारी दी गई। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह वेबिनार श्रृंखला विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, क्षमता निर्माण तथा कैरियर विकास हेतु उपयोगी साबित होगी। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ. एमपी ठाकुर ने कहा कि इस वेबिनार श्रृंखला में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के अलावा देश के अन्य विश्वविद्यालयों के विद्यार्थी भी शामिल हुए।

वेबिनार की मुख्य वक्ता सलाहकार मनोचिकित्सक डॉ. अम्बा सेठी ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार विश्व की लगभग 5 प्रतिशत आबादी अवसाद ग्रस्त है। उन्होंने कहा कि महाविद्यालयीन छात्रों में अवसाद की समस्या बढ़ती जा रही है। तनाव, चिन्ता, उदासी, गुमसुम तथा एकाकी रहना और व्यवहार में अनापेक्षित परिवर्तन अवसाद के प्रमुख लक्षण हैं। अवसाद के कारण विद्यार्थियों की मानसिक एकाग्रता में कमी, गुस्सा एवं चिड़चिड़ापन भी देखा जाता है। उन्होंने कहा कि अवसाद के जैविक, मानसिक तथा सामाजिक कारक होते हैं। डॉ. सेठी ने कहा कि अवसाद के लक्षणों की त्वरित पहचान एवं निदान कर इनका जल्द से जल्द उपचार किया जाना आवश्यक है।

# शासकीय विभागों को अब 10 प्रतिशत छूट के साथ मिलेंगे ''छत्तीसगढ़ हर्बल्स'' के उत्पाद

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देशानुसार राज्य शासन के समस्त विभागों, शासकीय उपक्रमों तथा नगर निगमों आदि संस्थाओं को ''छत्तीसगढ़ हर्बल्स'' ब्रांड के उत्पादों को अपनी आवश्यकतानुसार छूट के साथ अनिवार्य रूप से क्रय करने के निर्देश दिए गए हैं। इस तारतम्य में मुख्य सचिव अमिताभ जैन द्वारा राज्य के समस्त विभागों, अध्यक्ष राजस्व मंडल बिलासपुर, विभागाध्यक्षों, कलेक्टरों और सार्वजनिक उपक्रमों को पत्र भेजा गया है। जिसमें निर्देशित किया गया है कि वे ''छत्तीसगढ़ हर्बल्स'' ब्रांड के अंतर्गत निर्मित उत्पादों को एमआरपी पर 10 प्रतिशत की छूट का लाभ लेते हुए शासकीय खरीदी किए जाने की व्यवस्था लागू करने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही की जाए।




मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने निर्देशित किया है कि राज्य शासन के समस्त विभागों, शासकीय उपक्रमों, नगर निगमों इत्यादि द्वारा राज्य के विभिन्न स्व-सहायता समूहों से प्रसंस्कृत किए जा रहे हर्बल उत्पादों का विक्रय छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ के अंतर्गत विभिन्न संजीवनी केन्द्रों के माध्यम से ''छत्तीसगढ़ हर्बल्स'' के नाम से किया जा रहा है। इसका विभाग की आवश्यकता के अनुसार अनिवार्य रूप से क्रय किया जाए।

छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ मर्यादित द्वारा निर्मित आयुर्वेदिक दवाओं, हर्बल उत्पादों एवं लघु वनोपज से प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों को निर्धारित दर पर सीधे क्रय किए जाने तथा इस हेतु पृथक से निविदा बुलाए जाने की आवश्यकता नहीं होने के संबंध में छत्तीसगढ़ भण्डार क्रय नियम 2002 (यथासंधोशित 2020) के नियम 8 में संशोधन किए जाने का प्रावधान किया जा चुका है। अतएव समस्त शासकीय संस्थाओं द्वारा ऐसी सामग्रियों, जिसका विक्रय ''छत्तीसगढ़ हर्बल्स'' ब्रांड के अंतर्गत संजीवनी केन्द्रों के माध्यम से किया जाता है। उसका अनिवार्य रूप से एमआरपी पर 10 प्रतिशत की छूट के साथ क्रय किया जाए। इसका संबंधित विभागीय अधिकारियों को कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया है।

## इस बार 10वीं- 12वीं के लिए सात हजार से अधिक परीक्षा केंद्र

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा की तैयारी पूरी हो गई है। फरवरी के आखिरी सप्ताह में गोपनीय सामग्री वितरित होगी। इसी के साथ ही एडमिट कार्ड भी जारी किए जाएंगे। इस साल सर्वाधिक सात हजार से अधिक परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के सचिव प्रोफेसर वीके गोयल ने बताया कि कोरोना संक्रमण को देखते हुए इस साल माशिमं ने तीन हजार अधिक केंद्र बनाए हैं। बता दें कि पिछली बार 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा के लिए 4,519 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। इस साल इन केंद्रों की संख्या बढ़ाकर 7,600 कर दिया गया है जो कि पिछले साल की तुलना में इस साल 3,018 अधिक है।



प्रोफेसर गोयल ने बताया कि कोरोना संक्रमण से बच्चों को बचाने के लिए जो बच्चा जिस स्कूल में पढ़ रहा है वहीं परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इस बार पिछले साल की तुलना में अधिक केंद्र बनाए गए हैं। जल्द ही एडमिट कार्ड जारी किए जाएंगे।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में 10वीं- 12वीं की बोर्ड परीक्षा मार्च से शुरू होगी। 12वीं बोर्ड परीक्षा दो मार्च से 30 मार्च 2022 तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा का समय प्रात: नौ बजे से दोपहर 12.15 बजे तक होगा। इसी तरह 10वीं की परीक्षा तीन से 23 मार्च 2022 तक आयोजित की जाएगी।

# प्रदेश में कोदो-कुटकी-रागी के उत्पादन को मिलेगा बढ़ावा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा प्रदेश के मिलेट्स के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए प्रारंभ किए गए मिलेट मिशन के तहत प्रदेश में कोदो-कुटकी और रागी के उत्पादन रकबे में बढ़ोत्तरी के लिए कार्ययोजना बनाई जाएगी। प्रदेश में वर्तमान में 69 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में इन फसलों का उत्पादन किया जाता है। अगले खरीदी वर्ष तक फसल उत्पादन के क्षेत्र को बढ़ाकर एक लाख 17 हजार हेक्टेयर किए जाने का लक्ष्य रखा गया है।

मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित मिलेट मिशन की अंतर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक में कृषि विभाग-बीज विकास निगम-छत्तीसगढ़ लघु वनोपज संघ को आगामी सीजन में मिलेट्स के उत्पादन के रकबे में



बढ़ोत्तरी और जरूरी बीज की उपलब्धता, उपलब्ध कोटो-कुटकी-रागी के प्रसंस्करण और मार्केटिंग के संबंध में विस्तृत कार्ययोजना बनाने और राज्य स्तरीय कमेटी के समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है। मुख्य सचिव ने कोदो-कुटकी-रागी के फायदों के विषय में किसानों को जानकारी देने और इनके उत्पादन के लिए किसानों को प्रेरित करने कहा है।

बैठक में मिलेट्स के प्रसंस्करण के लिए जरूरी संसाधन उपलब्ध कराए जाने के संबंध में भी चर्चा की गई। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ द्वारा कोदो-कुटकी-रागी की खरीदी समर्थन मूल्य पर की जा रही है। इस खरीदी वर्ष में अब तक 27 हजार क्विंटल मिलेट्स की खरीदी की जा चुकी है। गौरतलब है कि राज्य सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ में निर्धारित समर्थन मूल्य के तहत कोदो 30 रूपए, कुटकी (काला) 30 रूपए, कुटकी (भूरा) 30 रूपए, रागी 33.77 रूपए प्रति किलोग्राम की दर पर खरीदी की जा रही है।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान





















# रिलीज हुआ 'गंगूबाई काठियावाड़ी' का पहला गाना, 'ढोलिदा' पर जबरदस्त डांस करती दिखीं आलिया भट्ट

**निर्माता संजय लीला भंसाली की फिल्म 'गंगूबाई काठियावाड़ी' 25 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट गंगूबाई का किरदार निभाते हुए नजर आएंगे। मेकर्स ने आज फिल्म का पहला गाना 'ढोलिदा' भी रिलीज कर दिया है।**



ढोलिदा, फिल्म का एक सेलिब्रेटी गरबा नंबर है, जिसमें गंगूबाई उर्फ आलिया भट्ट ढोल की धुन पर डांस करती नजर आ रही हैं। गाना सुनकर ऐसा लग रहा है कि यह इस साल का फेस्टिव एंथम बना जाएगा।

गाने के रिलीज होने की खबर को शेयर करते हुए आलिया ने अपने इंस्टाग्राम पर लिखा, संजय लीला भंसाली के म्यूजिक पर डांस करने का सपना सच हो गया। मेरा दिल हमेशा के लिए ढोलिदा सॉन्ग पर धड़कता है!

संजय लीला भंसाली की संगीत रचना के साथ-साथ कुमार द्वारा लिखे गए गीत गरबा के वास्तविक सार को पकड़ते हैं। फुट टैपिंग नंबर जाह्नवी श्रीमानकर और शैल हाडा द्वारा गाया गया है, और कृति महेश द्वारा कोरियोग्राफ किया गया है। इस खूबसूरत ट्रैक के साथ, संजय लीला भंसाली ने वास्तव में पूरे भारत को फिर से अपनी ताल पर नाचने पर मजबूर कर दिया है। संजय लीला भंसाली और डॉ. जयंतीलाल गड़ा (पेन स्टूडियो) द्वारा निर्मित, यह फिल्म 25 फरवरी, 2022 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है।

# महेश बाबू और नम्रता शिरोडकर की शादी को 17 साल पूरे, पांच साल डेट करने के बाद रचाई थी धूमधाम से शादी

टॉलीवुड के सुपरस्टार महेश बाबू और बॉलीवुड की पूर्व अभिनेत्री नम्रता शिरोडकर साउथ के सबसे ज्यादा पसंद किए जाने वाले कपल्स से एक हैं। दोनों ने आज ही के दिन साल 2005 में शादी की थी। दोनों की शादी को 17 साल पूरे हो चुके हैं। इन 17 सालों में नम्रता अपने पति महेश के लिए एक स्तंभ की तरह खड़ी रही हैं। इस खास मौके पर महेश बाबू ने एक खूबसूरत तस्वीर साझा की है जिसमें वे अपने परिवार के साथ नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर के साथ महेश बाबू ने लिखा है, इतनी आसानी से 17 साल हो गए! एनएसजी सालगिरह मुबारक !! हमारे लिए और भी बहुत कुछ... यह सब तुम्हारा प्यार ही है।



दोनों की मुलाकात 2000 में फिल्म 'वामसी' के सेट पर हुई थी। इसी दौरान दोनों नजदीक आए थे। यहीं से धीरे-धीरे इनके प्यार का सिलसिला शुरू हो गया। दोनों को भले ही एक-दूसरे से प्यार हो गया, लेकिन उन्होंने अपने रिश्ते को कभी भी मीडिया के सामने नहीं कबूला था। नम्रता और महेश ने पांच साल की डेटिंग के बाद शादी करने का फैसला किया था। महेश बाबू ने अपने और नम्रता के रिश्ते के बारे में सबसे पहले अपनी बहन को बताया था। शादी के दिन महेश बाबू जहां सफेद धोती कुर्ते में नजर आए थे तो वहीं नम्रता ने सफेद और हरे रंग की साड़ी पहनी थी। दोनों बेहद ही प्यारे लग रहे थे। नम्रता महेश से उम्र में 4 साल बड़ी हैं।

महेश बाबू ने शादी से पहले ही नम्रता को कह दिया था कि शादी के बाद वह फिल्मों में काम नहीं करेंगी। इस शर्त को नम्रता ने माना और महेश बाबू से शादी कर ली। शादी के एक साल बाद ही नम्रता शिरोडकर ने बेटे गौतम को जन्म दिया। साल 2012 में नम्रता ने एक बेटी को जन्म दिया।

### अनुष्का-विराट ने किया मांसाहार से हमेशा के लिए तौबा

# बताया स्वाद को रिप्लेस करने का नया तरीका

विराट कोहली और अनुष्का शर्मा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं. उनके हर पोस्ट उनके फैंस को काफी पसंद आते हैं और अब एक बार फिर उनका खास वीडियो उनके फैंस को बेहद रास आ गया है. हाल ही में दोनों ने सोशल मीडिया पर एक बड़ा ऐलान करके सबको हैरान कर दिया है. इस स्टार कपल ने एक वीडियो शेयर करते हुए बताया है कि उन्होंने नॉनवेज खाना छोड़ दिया है और पिछले कुछ समय से किसी भी डाइट में मांसाहारी खाने को शामिल नहीं कर रहे हैं. जिसकी वजह है उनका पशुओं के प्रति प्यार. उनके इस फैसले पर फैंस उन्हें काफी प्रोत्साहित करने के साथ उनकी सराहना कर रहे हैं. साथ ही उनके इस कदम को प्रेरणादायक मान रहे हैं.



## अनुष्का विराट ने बताई फैसले की वजह

अनुष्का शर्मा ने इस वीडियो में बताया है कि विराट और मैं इस बारे में बात करते रहते हैं कि कैसे हम प्लैनेट पर बेहतर प्रभाव डाल सकते हैं. विराट और मैं हमेशा से पशु प्रेमी रहे हैं. हमें मांस-मुक्त जीवन शैली अपनाने का फैसला करते हुए कई साल हो गए हैं. ब्लू ट्राइब के साथ सहयोग लोगों को यह बताने का एक कदम है कि वे कैसे अधिक जागरूक हो सकते हैं और पौधे आधारित आहार पर निर्भर रहकर करके प्लैनेट पर कम प्रभाव छोड़ सकते हैं. साथ ही विराट ने कहा कि मुझे पता है कि बहुत से लोग ऐसा ही महसूस करते हैं. इसी चलते मेरा मानना है कि अगर हम मांस पर कम निर्भरता रख सकें, तो यह अच्छा होगा. असल में ये दोनों प्लांट-बेस्ड मीट पायनियर ब्रांड ब्लू ट्राइब फूड के ब्रांड एंबेसडर हैं.

## विराट ने लिया था कप्तानी से रिटायरमेंट, इमोशनल हुईं थी अनुष्का

हाल ही में विराट कोहली ने क्रिकेट टीम की कप्तानी छोड़ने का ऐलान किया था. जिसके बाद क्रिकेट जगत के दिग्गजों से लेकर बॉलीवुड की बड़ी हस्तियों तक सभी ने कोहली को कप्तान के रूप में शानदार कैरियर के लिए शुभकामनाएं दी थी. वहीं विराट की पत्नी अनुष्का शर्मा ने एक भावुक पोस्ट शेयर किया था, जिसमें उन्होंने विराट के कप्तान बनने से लेकर अब तक की सभी यादें साझा की थीं. वर्क फ्रंट की बात करें तो अनुष्का शर्मा ने हाल ही में झूलन गोस्वामी की बायोपिक चकड़ा एक्सप्रेस का ऐलान किया है.ये फिल्म भारत की महिला टीम की पूर्व क्रिकेट कप्तान की लाइफ पर बेस्ड बताई जा रही है.

# कियारा आडवाणी के साथ पहली बार बनेगी कार्तिक आर्यन की जोड़ी, साजिद बनाएंगे फिल्म

**कार्तिक आर्यन और कियारा आडवाणी अपनी फिल्म भूल भुलैया 2 को लेकर चर्चा में हैं. दोनों ही स्टार पहली बार स्क्रीन शेयर करेंगे. फिल्म रिलीज से पहले ही दोनों की फ्रेश जोड़ी को फैंस काफी पसंद कर रहे हैं.**

इसी बीच खबर है दोनों के फैंस को उत्साहित करने वाली खबर सामने आई है. बॉलीवुड हंगामा की रिर्पोट की मानें तो दोनों अब साजिद नाडियाडवाला की अनटाइटल लव स्टोरी में नजर आयेंगे. जिसकी शूटिंग मार्च में शुरू हो जायेगी.जबकि ये फिल्म दिसंबर में फ्लोर पर जाने वाली थी लेकिन अब दोनों एक्टर्स के बाकी प्रोजेक्ट्स के रैप-अप के बाद शूटिंग शुरू कर दी जायेगी. जिसकी तैयारियां शुरू हो चुकी हैं.

## टाइटल ड्राप करना पड़ा

जून 2021 में कार्तिक आर्यन ने अपनी फिल्म सत्यनारायण की कथा नाम की फिल्म का ऐलान किया था. जिसके टाइटल के सामने आते है बवाल मचा हुआ. धार्मिक आस्था से जुड़े लोगों ने इस पर सवाल उठाया गया. जिसके बाद इस टाइटल को हटा दिया गया. साजिद नाडियाडवाला की इस फिल्म की शूटिंग भी लास्ट दिसंबर में शुरू होने वाली थी लेकिन देश में बढ़ते कोरोना के लहर के बाद इसे पोस्टपोन कर दिया गया पर रिपोर्ट्स के अनुसार इस फिल्म के लिए मेकर्स अब देर नहीं करना चाहते और कार्तिक की भूल भुलैया 2 की शूटिंग पूरा होते ही इस फिल्म को मार्च में फ्लोर पर लेकर जायेंगे.साथ ही कार्तिक भी रोहित धवन शहजादा की शूटिंग के अलावा बाकी प्रोजेक्ट्स का काम कंप्लीट करने में लगे हैं. दूसरी ओर कियारा आडवाणी भी अपने कई प्रोजेक्टस की शूटिंग में बिजी हैं.

## तांत्रिक लुक में भाए कार्तिक आर्यन

हाल ही में कार्तिक का भूल-भुलैया 2 के सेट से उनका तांत्रिक लुक वायरल हुआ था.जिसे फैंस ने काफी पसंद किया था. कार्तिक आर्यन का ये नया लुक पर फैंस का ये मानना था कि भूल भुलैया के दूसरे पार्ट में पहले पार्ट के मुकाबले ज्यादा एंटरटेंमेंट देखने को मिलने वाला है. कई लोगों का तो ये भी कहना है कि हो सकता है कार्तिक आर्यन अपनी इस नई फिल्म में किए गए किरदार से अक्षय कुमार की भूल भुलैया को पछाड़ दें. भूल-भुलैय 2 साइकोलॉजिकल कॉमेडी थ्रिलर फिल्म है, जिसका निर्देशन अनीस बज्मी ने किया है. फिल्म में कार्तिक आर्यन के साथ कियारा आडवाणी और तब्बू मुख्य भूमिकाओं में हैं. वहीं, फिल्म फरहाद सामजी और आकाश कौशिक ने लिखी है. भूल-भुलैया 2 का निर्माण भूषण कुमार, मुराद खेतानी और कृष्ण कुमार ने किया है. कार्तिक की यह फिल्म अक्षय कुमार और विद्या बालन की हिट फिल्म भूल-भुलैया फ्रेंचाइजी की दूसरी फिल्म है.

# अक्षय ने 'बच्चन पांडे' के लिए करीब 100 करोड़ रुपए ली है फीस? 18 मार्च को सिनेमाघरों में होगी रिलीज


**एक्टर अक्षय कुमार की अपकमिंग फिल्म 'बच्चन पांडे' 18 मार्च को होली के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। इस बीच अब इस फिल्म को लेकर दो खबरें सामने आ रही हैं। पहली खबर अक्षय कुमार की फिल्म के लिए ली गई फीस और दूसरी मेकर्स की 'बच्चन पांडे' के लिए हुई डील्स को लेकर है। बताया जा रहा है कि अक्षय कुमार ने इस फिल्म के लिए मेकर्स से भारी भरकम फीस ली है।**

## 'बच्चन पांडे' के लिए खिलाड़ी कुमार ने ली है 99 करोड़ रुपए फीस

रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस फिल्म के लिए खिलाड़ी कुमार ने 99 करोड़ रुपए फीस ली है। दिलचस्प बात यह है कि अक्षय द्वारा फिल्म के लिए ली गई उनकी यह फीस डिस्काउंटेड बताई जा रही है। इसका मतलब है कि अक्षय ने फिल्म के लिए 100 करोड़ रुपए से ज्यादा की फीस डिमांड की थी। जिसे बाद में प्रोड्यूसर साजिद नाडियाडवाला ने अक्षय के साथ मीटिंग कर फाइनल किया था। यह खबर एक अफवाह हो सकती है, लेकिन इतनी फीस अक्षय जैसे एक्टर ले सकते हैं। क्योंकि अक्की इंडिया के हाईएस्ट पेड एक्टर्स में से एक हैं।

## 'बच्चन पांडे' के मेकर्स को ओटीटी प्लेटफॉर्म ने ऑफर किए थे 175 करोड़ रुपए

वहीं पहले यह फिल्म पहले सीधे ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होने वाली थी और इसकी काफी बड़े अमाउंट में डील भी हो गई थी। हालांकि, बाद में फिल्म के प्रोड्यूसर साजिद नाडियाडवाला ने इसे पहले थियेटर्स पर ही रिलीज करने का ऐलान किया। रिपोर्ट के मुताबिक, एक ओटीटी प्लेटफॉर्म ने 175



करोड़ रुपए का ऑफर 'बच्चन पांडे' के मेकर्स को दिया था। यह फिल्म पहले 18 मार्च को सीधे ओटीटी पर रिलीज होने वाली थी। लेकिन, देश में कोरोना से हालात सुधरने पर मेकर्स ने फिल्म को दोबारा सिनेमाघरों में ही रिलीज करना सही समझा गया।

रिपोर्ट के मुताबिक, ओटीटी प्लेटफॉर्म से डील लगभग पूरी हो चुकी थी, लेकिन एक दिन जब फिल्म का प्रोमो कट होकर आया तो साजिद ने इसे अपने प्राइवेट थिएटर में देखा और ये देखकर उन्हें लगा कि अगर फिल्म सिनेमाघरों पर रिलीज नहीं हुई तो ये फिल्म के साथ ना इंसाफी होगी। उन्होंने अक्षय कुमार और बाकी मेंबर्स से बात की, इसके बाद सभी फिल्म को सिनेमाघरों में रिलीज करने पर सहमत हो गए। बाद में मेकर्स ने अपना यह फैसला ओटीटी प्लेटफॉर्म को बता दिया।

'बच्चन पांडे' पहले थियेटर्स पर रिलीज होगी और उसके कुछ समय बाद इसे ओटीटी पर भी रिलीज किया जाएगा। लेकिन जाहिर है अब फिल्म को ओटीटी प्लेटफॉर्म की तरफ से उतने पैसे नहीं मिलेंगे, जितने पहले ऑफर हुए थे। इस फिल्म का निर्देशन फरहाद-सामजी कर रहे हैं। जबकि, इसका निर्माण साजिद नाडियाडवाला के बैनल तले हो रहा है।

'बच्चन पांडे' साल 2014 में रिलीज हुई तमिल हिट फिल्म 'जिगरठंडा' की रीमेक बताई जा रही है। फिल्म में अक्षय के अलावा कृति सेनन, जैकलीन फर्नांडीज, अरशद वारसी और अभिमन्यु सिंह जैसे कलाकार भी लीड रोल में हैं। वहीं अक्षय कुमार की बाकी फिल्मों की बात करें तो 'बच्चन पांडे' के अलावा वे इस साल 'पृथ्वीराज', 'राम सेतु', 'रक्षाबंधन', 'सिंड्रेल', 'गोरखा' और 'ओह माय गोड 2' में भी दिखाई देंगे।

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :-
9303289950, 9827806026,
8962815243



























## खास खबर

### भूतपूर्व सैनिक संगठनों एवं राज्य सैनिक बोर्ड छत्तीसगढ़ के मध्य विशेष बैठक संपन्न

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में भूतपूर्व सैनिकों, उनके परिजनों, शहीदों के परिवारों के कल्याण और उनके पुनर्वासन को लेकर संचालनालय, सैनिक कल्याण, रायपुर में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। संचालक सैनिक कल्याण छत्तीसगढ़ एवं जिला सैनिक कल्याण कार्यालय रायपुर के तत्वाधान में राज्य के पूर्व सैनिक संगठनों के पदाधिकारियों की बैठक सैनिक कल्याण परिषद के नवनिर्मित सभागार में 8 फ़रवरी को आयोजित की गई इस प्रथम बैठक की अध्यक्षता संचालक संचालनालय सैनिक कल्याण छत्तीसगढ़, ब्रिगेडियर विवेक शर्मा विशिष्ट सेवा मेडल ने की। बैठक का संचालन कैप्टन अनुराग तिवारी, भारतीय नौसेना से सेवानिवृत्त जिला सैनिक कल्याण अधिकारी रायपुर ने किया। बैठक में राज्य शासन के गृह विभाग का प्रतिनिधित्व एफकेरकेट्टा,उप सचिव गृह विभाग ने किया। प्रतिवर्ष मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित होने वाली राज्य सैनिक बोर्ड की बैठक में सैनिकों के कल्याण से संबंधित बातों और संबंधित मुद्दों को रखा जाता है। इस बैठक में रक्षा मंत्रालय और सेना के अधिकारी भी मौजूद होते हैं इस बार की वार्षिक बैठक जल्द ही आयोजित होने वाली है और उसी की तैयारियों को लेकर ये विशेष बैठक आयोजित की गयी थी। इस बैठक में राज्य के सभी भूतपूर्व सैनिक संगठनों को भी शामिल किया गया था। बैठक में इनसे संबंधित मुद्दे तथा उनपर निर्भर परिवारों की समस्याओं की चर्चा विस्तार से की गयी। बैठक में विभिन्न भूतपूर्व सैनिक संगठनों के 40 प्रतिनिधि शामिल हुए।बैठक में जिला सैनिक बोर्ड के 4 अधिकारी प्रत्यक्ष रूप से उपस्थित थे।

# एनएमडीसी ने वित्तवर्ष-22 के पहले नौ महीनों में 125 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की

श्रीकंचनपथ न्यूज

नई दिल्ली(पीआईबी)। इस्पात मंत्रालय के अधीन देश की सबसे बड़ी लौह अयस्क उत्पादक कंपनी राष्ट्रीय खनिज विकास निगम (एनएमडीसी) ने वित्तवर्ष-21 के पहले नौ वर्ष में किये गये 8,522 करोड़ रुपये के कारोबार की तुलना में वित्तवर्ष-22 के पहले नौ महीने में 19,179 करोड़ रुपये का कारोबार करके 125 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की है।




नौ महीनों के लिये कर पूर्व लाभ (पीबीटी) 10,101 करोड़ रुपये दर्ज किया गया है, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान के 4,633 पीबीटी की तुलना में 118 प्रतिशत की वृद्धि दिखाता है। वित्तवर्ष-22 के नौ महीने के लिये कर उपरान्त लाभ (पीएटी) में भी इजाफा दर्ज किया गया। वित्तवर्ष-21 के पहले नौ महीने में दर्ज 3,415 करोड़ रुपये पीएटी की तुलना में इस बार पीएटी बढ़कर 7,583 करोड़ रुपये हो गया, जो 122 प्रतिशत अधिक है।

एनएमडीसी ने वित्तवर्ष-22 की पहली तिमाही में 10.65 मिलियन टन (एमटी) लौह अयस्क का उत्पादन किया और 9.85 मिलियन टन (एमटी) लौह अयस्क की बिक्री की। पहली तीन तिमाहियों के लिये समग्र उत्पादन और बिक्री आंकड़े क्रमशः 28.33 एमटी और 28.28 एमटी हैं। नौ महीनों से सम्बंधित उपरोक्त परिचालन और वित्तीय आंकड़े एनएमडीसी के इतिहास में अब तक के सबसे मजबूत आंकड़े हैं। एनएमडीसी ने आठ फरवरी, 2022 को आयोजित अपनी बोर्ड बैठक में प्रति शेयर 5.73 रुपये का दूसरा अंतरिम लाभांश घोषित किया। इसके पहले की बोर्ड बैठक में घोषित प्रति शेयर 9.01 रुपये के पहले अंतरिम लाभांश को देखते हुये, वित्तवर्ष 2021-2022 के लिये प्रति शेयर कुल लाभांश 14.74 रुपये हो गया है। यह एनएमडीसी के इतिहास में अब तक का सबसे अधिक लाभांश है। लाभांश के रूप में 4,320 करोड़ रुपये की नकदी खर्च होगी।

कंपनी के प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुये एनएमडीसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक सुमित देब ने कहा, चुनौतीपूर्ण समय में बढ़े हुये उत्पादन के कारण ऐसा जबरदस्त प्रदर्शन संभव हुआ है। इस वित्तवर्ष में हमें अपना उत्पादन लक्ष्य पूरा कर लेना चाहिये। हम महत्त्वपूर्ण पूंजीगत व्यय परियोजनाओं को पूरा करने तथा अपनी तैयारियों का डिजिटलीकरण और यांत्रिकीकरण करने के लिये लगातार प्रतिबद्ध हैं।

# मंत्री श्रीमती भेंडिया ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने प्रदान किए 23.70 लाख रूपए के चेक



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अनिला भेंड़िया ने बालोद जिले के डौण्डीलोहारा स्थित निवास कार्यालय में मंगलवार को छत्तीसगढ़ महिला कोष की ऋण योजना अंतर्गत जिले की 36 महिला स्वसहायता समूहों और सक्षम योजना के तहत दो हितग्राहियों को 23 लाख 70 हजार रूपए के स्वीकृत ऋण राशि का चेक प्रदान किया। इस अवसर पर श्रीमती भेंड़िया ने महिलाओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

श्रीमती भेंड़िया ने छत्तीसगढ़ महिला कोष ऋण योजना अंतर्गत डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के 08 व डौण्डी विकासखण्ड के 18 एवं गुरूर विकासखण्ड के 10 महिला स्वसहायता समूहों सहित कुल 36 महिला स्वसहायता समूहों को 21 लाख 70 हजार रूपए का चेक वितरण किया। उन्होंने सक्षम योजना से डौण्डी विकासखण्ड की 02 महिला हितग्राहियों को 02 लाख रूपए का चेक प्रदान किया।

उल्लेखनीय है कि महिलाओं को आत्मनिर्भर व आर्थिक रूप से सक्षम बनाने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिला कोष के माध्यम से कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराया जाता है।

## विधानसभा सत्र के दौरान अवकाश प्रतिबंधित

**राजनांदगांव ।** कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने 7 मार्च से 25 मार्च 2022 तक आयोजित छत्तीसगढ़ विधानसभा सत्र के दौरान जिले के अधिकारी-कर्मचारियों के अवकाश पर प्रतिबंध लगाया है। उन्होंने विधानसभा प्रश्नों, ध्यानाकर्षण सूचनाओं, स्थगन प्रस्तावों की जानकारी समय-सीमा में भेजने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया है। विधानसभा सत्र के दौरान अधिकारी-कर्मचारियों को बिना पूर्व अनुमति के अवकाश एवं मुख्यालय से बाहर जाने की अनुमति नहीं होगी।

## कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग (वि./यां.) संभाग, दुर्ग

**// निविदा आमंत्रण सूचना //**

ज्ञाप क्रमांक - 1144/ नि.प्र. क्र.-13 / लो.नि.वि. / 2021-22 — दुर्ग, दिनांक 07.02.2022

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य का विद्युतीकरण कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है :-

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 18.02.2022 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 28.02.2022 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :- 02.03.2022 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक

निविदा खोलने की तिथि में अवकाश हो या अधोहस्ताक्षरकर्ता शासकीय दौरे पर हो तो निविदा आगामी कार्य दिवस में खोली जावेगी।

| स.क्र./निविदा क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| (1) T0206 | 11KV Line Shifting & Electrification work (Gokul Nagar to Chandkhuri) in Minimata Chowk to Anda Road Distt. Durg | 15.22 Lacs |
| (2) T0207 | 11KV Line Shifting & Electrification work (Chandkuri to Achoti) in Minimata Chowk to Anda Road Distt.Durg | 15.22 Lacs |
| (3) T0208 | 11KV/33KV/LT Line Shifting & Electrification work at Bharar to Mohbhata Road Distt. Durg | 5.79 Lacs |
| (4) T0209 | 11KV Line Shifting & Electrification work (Achoti To Risama) in Minimata Chowk Road Distt. Durg | 13.86 Lacs |
| (5) T0210 | Transformer Shifting & Electrification work (Gokul Nagar to Kolihapuri) in Minimata Chowk to Anda Road Distt. Durg | 14.83 Lacs |
| (6) T0211 | Transformer Shifting & Electrification work (Kolihapuri to Chandkuri) in Minimata Chowk to Anda Road Distt. Durg | 14.73 Lacs |
| (7) T0212 | 11KV/33KV/LT Line Shifting & Electrification work at Bharar to Kurmigundra Road Distt. Durg | 1.10 Lacs |
| (8) T0213 | Transformer Shifting & Electification Work (Chandkuri to Konari) in Minimata Chowk to Anda Road Distt. Durg | 14.86 Lacs |
| (9) T0214 | Transformer Shifting & Electification Work (Konari to Achoti) in Minimata Chowk to Anda Road Distt. Durg | 14.67 Lacs |
| (10) T0215 | Transformer Shifting & Electification Work (Achoti to Risama) in Minimata Chowk to Anda Road Distt. Durg | 14.75 Lacs |
| (11) T0216 | 11KV/33KV/ Transformer/LT Line Shifting & Electrification work at Batrel to Armarikhurd Road Distt. Durg | 13.87 Lacs |
| (12) T0217 | 33KV/ Line Shifting & Electrification work (Gokul Nagar to Chandkuri) in Minimata Chowk To Anda Road Distt. Durg | 17.06 Lacs |
| (13) T0218 | 33KV/ Line Shifting & Electrification work (Chandkuri to Konari) in Minimata Chowk to Anda Road Distt. Durg | 16.99 Lacs |
| (14) T0219 | 33KV/ Line Shifting & Electrification work (Konari to Achoti) in Minimata Chowk to Anda Road Distt. Durg | 17.00 Lacs |
| (15) T0220 | 11KV/33KV/ 11KV DP/ Line Shifting & Electrification work at Batrel to Armarikhurd Road Distt. Durg | 8.51 Lacs |
| (16) T0221 | 33KV/ Line Shifting & Electrification work (Achoti to Risama) in Minimata Chowk to Anda Road Distt. Durg | 17.00 Lacs |

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। निविदा संबंधी अन्य शर्तें का अवलोकन संभागीय कार्यालय में किया जा सकता है।

टीप:- (1) The Tender forms will be issued only to the contractors having "A" class valid license form chief Electrical inspector of C.G. Govt.and unified Registration system of C.G. Govt.

(2) आबंटन प्राप्त होने पर ही देयक का भुगतान किया जायेगा।

जी-67636/5

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग ( वि./यां. ) संभाग दुर्ग

# पेवर ब्लॉक से आर्थिक मजबूती की अपनी राह बनाती जनकपुर की महिलाएं

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरिया।** कोरिया जिले के जनकपुर विकासखण्ड की महिलाओं द्वारा गौठान आजीविका के रूप में पेवर ब्लॉक निर्माण किया जा रहा है। घरेलू कामों में व्यस्त रहने वाली ये महिलाएं आज सफ्लता की नई इबारत लिख रहीं है। मात्र डेढ़ माह में सुविधा समूह की 12 महिलाओं ने मिलकर 28 हजार पेवर ब्लॉक का निर्माण किया है। जिसमें से 16 रुपये प्रति ब्लॉक की दर से 22 हजार ब्लॉक का विक्रय किया गया है। बेचे गए पेवर ब्लॉक की कीमत 3 लाख 52 हजार रुपए रही और समूह को 1 लाख का मुनाफ हुआ।

पेवर ब्लॉक बनाने वाले सुविधा स्व-सहायता समूह की अध्यक्ष श्रीमती नीलिमा चतुर्वेदी बताती हैं कि समूह की 12 महिलाओं के द्वारा जनकपुर गौठान में पेवर ब्लॉक का निर्माण कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि समूह को बिहान के द्वारा पेवर ब्लॉक निर्माण की प्रेरणा मिली एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत प्रशिक्षण उपरांत हमने यह कार्य प्रारंभ किया। ब्लॉक निर्माण के लिए आवश्यक कच्चा माल सीमेंट, गिट्टी, रेत जिले में ही उपलब्ध हो जाता है। वहीं हार्डनर इलाहाबाद, ब्लॉक के लिए साँचा कानपुर से एवं वाइब्रेटर और मिक्सर कोरबा जिले से मंगवाया गया है। महिलाओं द्वारा बनाए गए पेवर ब्लॉक के माध्यम से मुख्य सड़क से निर्धारित स्थल तक पहुंचने के लिए 200 मीटर लंबाई तक के पेवमेंट ब्लॉक पहुंच मार्ग का निर्माण किया जा रहा है। वर्तमान में विकासखण्ड जनकपुर के ग्राम पंचायत नेरूआ में पहुंच मार्ग निर्माण किया गया है। वहीं ग्राम देवगढ़, हरचौका, डोंगरीपारा, सिंगरौली में भी पेवर ब्लॉक से निर्माण किया जा रहा है। जिसके लिए कुल 30 हज़ार पेवर ब्लॉक का आर्डर समूह को मिला है।

## कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग दुर्ग संभाग, दुर्ग

**// मैन्युअल पद्धति निविदा सूचना //**

ज्ञाप क्रमांक - 1771/ व.ले.लि. / लेखा खण्ड / 2021-22 — दुर्ग, दिनांक 07.02.2022

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी (अ से द) में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु प्रमुख अभियंता, लो.नि.वि. रायपुर द्वारा जारी भवन/सड़क SOR दिनांक 01.01.2015 तथा निविदा तिथि तक जारी संशोधन के अंतर्गत मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है :-

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 17.02.2022 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि :- 22.02.2022 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 25.02.2022 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :- 28.02.2022 पूर्वान्ह 11.30 बजे से

| एनआईटी क्र. निविदा क्र. | कार्य का नाम / No of Calls | कार्य का अनुमानित लागत (रू. लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 26 T0378 | उपसंभाग क्रं. 2 दुर्ग के अंतर्गत पेटी बाजार सामग्री का प्रदाय (प्रथम आमंत्रण) | 10.00 |
| 26 T0379 | उपसंभाग क्रं. 3 दुर्ग के अंतर्गत पेटी बाजार सामग्री का प्रदाय (प्रथम आमंत्रण) | 10.00 |
| 26 T0380 | उपसंभाग पाटन के अंतर्गत पेटी बाजार सामग्री का प्रदाय (प्रथम आमंत्रण) | 10.00 |

☐ General Condition ☐ Plant Condition ☐ Special Condition

नोट :- निविदा संबंधी निम्न शर्तें आवश्यक होगी।

1. बाजार सामग्री सप्लाई हेतु लो.नि.वि. में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत एवं स्थानीय विक्रेताओं (जिनका स्वयं का बाजार सप्लाई से संबंधित विक्रय हेतु जिला-दुर्ग में दुकान) को ही निविदा प्रपत्र प्रदाय किया जावेगा।
2. दुकान का अनुविभागीय अधिकारी से सत्यापन प्रमाण पत्र आवेदन के साथ प्रस्तुत किया जावें।
3. नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा प्राप्त गोमास्ता लायसेंस की प्रति संलग्न किया जावें।
4. अन्य निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

जी-67666/3

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग दुर्ग संभाग दुर्ग

# मंत्री मोहम्मद अकबर ने आम जनता को दी करोड़ों रूपए के विकास कार्यों की सौगात

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** वन मंत्री मोहम्मद अकबर ने आज बुधवार को कबीरधाम जिले के अपने विधानसभा क्षेत्र के सहसपुर लोहारा नगर पंचायत की आम जनता को करोड़ो रूपए के विकास कार्यों की सौगात दी। उन्होंने क्षेत्र के जन आकांक्षाओं के अनुरूप 1 करोड़ 23 लाख 59 हजार रूपए के 6 अलग-अलग विकास मूलक कार्यों का भूमिपूजन किया। साथ ही उन्होंने यादव समाज, निषाद समाज तथा नगर वासियों के मांगों को पूरा करते हुए सहसपुर लोहारा में शीतला मंदिर के समीप भवन निर्माण की आधारशिला भी रखी।





मोहम्मद अकबर ने कहा कि आर्थिक, समाजिक, शैक्षिणिक रूप से पिछड़े लोगों का जीवन उत्थान और पिछड़े क्षेत्रों का समुचित विकास करना छत्तीसगढ़ सरकार का मुख्य ध्येय है। राज्य सरकार ने जनता से जो वादा किया था, उन्हें प्राथमिकता से पूरा कर रही है।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में जनहित से जुड़े मांग और समस्याओं का प्राथमिकता में निदान कर लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाया जा रहा है। उन्होंने कहा है कि वर्षो से उपेक्षित सहसपुर लोहारा नगर पंचायत में विकास कार्यों की पहल से इसके मुख्यधारा में जुड़कर आगे बढ़ने के नए रास्ते खुलेंगे।

मंत्री श्री अकबर ने नगर पंचायत सहसपुर लोहारा में बस स्टैंड में 73.82 लाख रूपए से सी.सी.रोड निर्माण, वार्ड क्रमांक एक के सामुदायिक भवन परिसर में 7.47 लाख रूपए से पेवर ब्लॉक, टॉयलेट, बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य, वार्ड क्रमांक तीन, नौ और दस में 5-5 लाख रूपए की लागत राशि से सामुदायिक भवन और वार्ड क्रमांक 15 में 27.30 लाख की लागत से आर.सी.सी.नाली निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती उषा मनहरण श्रीवास सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।









































## खास-खबर

### नाबालिग का अश्लील वीडियो किया इंस्टाग्राम पर अपलोडः घुमाने के बहाने ले जाकर किया रेप, फिर करने लगा ब्लैकमेल, गिरफ्तार



**महासमुंद (ए)।** महासमुंद जिले में नाबालिग से रेप का मामला सामने आया है। आरोपी युवक ने उसे अपने प्रेम जाल में फंसाया था। फिर घुमाने के बहाने उसे ले गया और उससे रेप किया। उसी दौरान युवक ने लड़की का अश्लील वीडियो भी बना लिया और लड़की को ये कहते हुए ब्लैकमेल करने लगा कि मुझसे शादी कर लो, नहीं तो इस वीडियो को सोशल मीडिया पर डाल दूंगा। जब लड़की नहीं मानी तो उसने ऐसा ही किया और उस अश्लील वीडियो को युवक ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर दिया। मामला सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने आरोपी युवक को अब गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के मुताबिक, 17 साल की लड़की का बागबहरा के रहने वाले मो.आलम (20) से पिछले कुछ समय से प्रेम प्रसंग था। दोनों कॉलेज में साथ में बीए प्रथम वर्ष में पढ़ाई कर रहे थे। जिसके बाद दोनों की दोस्ती प्रेम में बदल गई। दोनों के बीच मुलाकात भी होती थी। इस बीच करीब एक महीने पहले मो.आलम लड़की को अपने साथ घुमाने के लिए महासमुंद लाया था। यहां वो उसे एक लॉज में भी ले गया था। बताया गया कि लॉज में ले जाने के बाद उसने लड़की से रेप किया और उसी दौरान उसका वीडियो भी बना लिया। इसके बाद दोनों वापस घर आ गए थे। पता चला है कि घटना के बाद युवक ने लड़की को ये कहते हुए ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया कि मुझे शादी कर लो, नहीं तो मैं ये वीडियो वायरल कर दूंगा। लड़की ने शादी करने से मना कर दिया। फिर भी मो.आलम उसे जबरदस्ती परेशान करता रहा। बार-बार उस पर दबाव बनाता रहा की शादी कर ले। इसके बावजूद लड़की नहीं मानी। इस बीच लड़के ने इंस्टाग्राम पर उसका अश्लील वीडियो पोस्ट कर दिया। जिसे कई लोगों ने देख भी लिया। हालांकि बाद में आरोपी ने वीडियो को वहां से डिलीट कर दिया था।

#### वीडियो देखने पर परिजन को मिली जानकारी

जानकारी मिली है कि जिस वीडियो को लड़के ने वायरल किया था, उस वीडियो को लड़की के परिजन ने भी देख लिया था। जिसके बाद उन्होंने लड़के से इस बात की जानकारी ली और इस मामले में केस दर्ज कराया। इसके बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रेप का केस दर्ज किया और आरोपी को मंगलवार को गिरफ्तार किया गया है।

### नक्सलियों ने की कांग्रेस कार्यकर्ता की हत्या

## शादी में शामिल होने आया था सरपंच पति, ग्रामीण वेशभूषा में पहुंचे नक्सलियों ने मारी गोली

**बीजापुर (ए)।** बीजापुर में माओवादियों ने एक कांग्रेस कार्यकर्ता की हत्या कर दी है। कांग्रेस कार्यकर्ता आड़ावली गांव की सरपंच का पति भी है। वह एक गांव में शादी समारोह में शामिल होने के लिए गया हुआ था। जहां ग्रामीण वेशभूषा धारण किए माओवादियों ने उसे गोली मार दी। मामला जिले के कुटरू थाना क्षेत्र का है।



जानकारी के मुताबिक, कांग्रेसी कार्यकर्ता धनश्याम मंडावी नक्सलियों के निशाने पर था। नक्सली इस पर पुलिस की मुखबिरी करने का शक करते थे। बुधवार शाम घनश्याम ताडमेर गांव में एक विवाह के समारोह में शामिल होने के लिए गया हुआ था, तो उस दौरान माओवादियों को घनश्याम के आने की भनक लगी। इसके बाद करीब आधा दर्जन से अधिक माओवादी गांव पहुंच गए।

उन्होंने धनश्याम को गोली मार दी। गोली की आवाज सुनते ही समारोह में भगदड़ का माहौल भी हो गया था। हत्या करने के बाद नक्सली जंगल की तरह भाग गए। वहीं ग्रामीणों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। रात में ही जवान भी मौके पर पहुंच गए थे। एसडीओपी अभिनव उपाध्याय ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। ग्रामीणों से पूछताछ भी कर रहे हैं।

## पुरानी रंजिश को लेकर चाकू से वार कर युवक को घायल करने वाले गिरफ्तार



**रायपुर (ए)।** थाना आजाद चौक के डंगनिया स्कूल पानी टंकी के पीछे खदान बस्ती में मंगलवार की रात में सुनील डडसेना अपने दोस्त टिल्लू उर्फ तुलेश्वर व उसके साथी के साथ अश्वनी नगर तरफ पैदल घूमने गया था। उसी समय पुरानी बातों को लेकर टिल्लू तथा उसके साथी ने सुनील डडसेना को गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देकर मारपीट की। टिल्लू उर्फ तुलेश्वर ने अपने पास रखे चाकू से सुनील डड़सेना के दोनों पैर के जांघ में तथा बायें हाथ में वार कर फरार हो गए थे। सुनील के छोटे भाई अनिल डडसेना ने घटना की रिपोर्ट डीडी नगर थाने में दर्ज कराई थी। रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस ने चाकू के वार से घायल सुनील डडसेना को अपने वाहन से अस्पताल में भर्ती कराया था। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ अपराध दर्ज एसएसपी को मामले की जानकारी दी। एसएसपी प्रशांत अग्रवाल ने आरोपितों के गिरफ्तारी के लिए निर्देश दिया। थाना प्रभारी आजाद चौक के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने आरोपितों के छिपने के हर संभावित स्थानों पर लोगों से पूछताछ की।

रायपुर के डंगनिया क्षेत्र के दोनों आरोपित तुलेश्वर सोनकर उर्फ टिल्लू एवं अमन गोस्वामी को घर के पास से पुलिस ने पकड़ने के पास हिरासत में लिया है। पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि वह दोनों तथा सुनील डडसेना एक ही मोहल्ले में रहते हैं तथा पुरानी बातों को लेकर आरोपितों ने सुनील डड़सेना को चाकू मार दिया। पुलिस ने आरोपितों के छिपाए गए स्थान से घटना में प्रयुक्त चाकू बरामद किया है।

## पीडब्ल्यूडी में नौकरी का झांसा बेरोजगारों से 10 लाख की ठगी




**रायपुर (ए)।** पीडब्ल्यूडी विभाग में सरकारी नौकरी लगाने का झांसा देकर भिलाई के एक युवक ने दर्जनभर बेरोजगारों से 10 लाख की ठगी कर ली। आरोपी ने लोगों से पैसा लिया। उन्हें एक साल तक गुमराह करते रहा। उसके बाद मोबाइल बंद करके भाग गया। आरोपी ने अपना दफ्तर भी बंद कर दिया है। पुलिस ने आरोपी पर ठगी का केस दर्ज किया है। आरोपी युवा कांग्रेसी नेता है। उसने नेताओं से पहचान का झांसा दिया था। पुलिस ने बताया कि सुपेला निवासी अनिल देवांगन का एक साल पहले परिचित के माध्यम से भिलाई के हुसैन रिजवी उर्फ हसन खान से मुलाकात हुई। हसन का देवेंद्र नगर में यूथ कंस्ट्रक्शन फाउंडेशन के नाम से ऑफिस था। वहां लोगों से मिलता था। अनिल भी परिचित के माध्यम से वहां पहुंचा। हसन ने पीडब्ल्यूडी में अच्छी पहचान का झांसा दिया। उसने भृत्य के पद पर नौकरी लगाने के लिए दो लाख मांगा।

अनिल ने पैसा दे दिया। एक साल तक हसन गुमराह करते रहा। हसन ने देवेंद्र नगर का अपना दफ्तर भी बंद कर दिया। पुलिस के अनुसार हसन ने ज्यादातर लोगों से ढाई-तीन लाख रुपए लिए है। किसी को पैसा नहीं लौटाया है। वह अपने घर से भी गायब है। आरोपी ने अपना मोबाइल नंबर भी बदल दिया है। पुलिस के अब तक 11 लोगों ने 10 लाख की ठगी की शिकायत की है। आरोपी के पकड़े जाने के बाद पीडितों की संख्या बढ़ सकती है।

### 3 साल पहले की चोरी अब पकड़े गए

## चोरी के दूसरे केस में पुलिस ने लिया था हिरासत में तो कबूला पुराना जुर्म



**रायपुर (ए)।** साल 2019 में रायपुर के राजेंद्र नगर इलाके में एक ज्वेलरी शॉप में हुई चोरी के मामले में दो चोरों को पकड़ा गया है। 3 सालों से यह बदमाश छुपकर रायपुर शहर में ही रह रहे थे मगर पुलिस को इसकी भनक नहीं लगी। केस की छानबीन जारी थी मगर पुलिस के हाथ खाली थे।

अब इन बदमाशों को पकड़ कर पुलिस ने इनके पास से चांदी के 4 किलो वजनी जेवरात बरामद किया है। इन जेवरों कीमत लगभग 2.5 लाख है। बदमाशों ने साल 2019 में 3 लाख 94000 की चोरी की थी। कुछ कैश और सोने के जेवर यह बेचकर चोरी की रकम इस्तेमाल कर चुके हैं।

#### दीवार में छेद करके की थी चोरी

पलक ज्वेलर्स की संचालिका सोनाली जैन ने थाने पहुंचकर साल 2019 के जुलाई महीने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि इनकी दुकान के पिछले हिस्से में दीवार तोड़कर एक बड़ा छेद किया गया। चोर दुकान के अंदर घुसे सोने , चांदी के जेवरात, नकद रकम, कवरिंग का सामान वगैरह चुरा कर अपने साथ ले गए। इस वारदात को नवीन विश्वकर्मा और शुभंकर पटेल ने मिलकर अंजाम दिया था।

खम्हारडीह इलाके में हुई एक चोरी के मामले में पुलिस ने नवीन विश्वकर्मा और शुभंकर पटेल को पकड़ा था। दरअसल दोनों इसके पहले भी चोरी के कुछ मामलों में शामिल रह चुके हैं। पुलिस पूछताछ कर रही थी तभी नवीन और शुभंकर का मुंह खुला दोनों ने बता दिया कि वह राजेंद्र नगर में हुई 3 साल पुरानी चोरी में शामिल रहे हैं और चोरी का सामान इनके घर पर पड़ा है। बाद में पुलिस इनके साथ इनके घर गई और चांदी के 4 किलो वजनी जेवर बरामद किया।

## खुद पर आग लगाकर थाने में घुसने वाले युवक की रायपुर में मौत

**बिलासपुर (ए)।** शुक्रवार की रात खुद पर आग लगाकर युवक सिविल लाइन थाने में घुसने वाले युवक की रायपुर स्थित अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई है। मामले में एसपी पारूल माथुर ने जांच की बात कही है। चार फरवरी की रात मंगला निवासी समीर खान (30) ने खुद पर पेट्रोल डालकर आग लगा ली थी। इसके बाद वह दौड़ते हुए सिविल लाइन थाने में घुस गया। घटना से हड़बड़ाए पुलिस कर्मियों ने आनन-फानन में युवक को बुझाया। इस दौरान युवक का भाई सादिक उसका वीडियो बना रहा था। पुलिस ने झुलसे युवक और उसके भाई को अस्पताल में भर्ती कराया। पूछताछ में झुलसे युवक ने बताया कि उसने लेनदेन के मामले में शिकायत की थी। इस पर पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही है। उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डाक्टरों ने अगले ही दिन से रायपुर रेफर कर दिया। वहां गुरूवार की दोपहर युवक की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने कोटा क्षेत्र की रहने वाली एक युवती का बयान दर्ज किया है। उसने बताया कि युवक उसे 2017 से परेशान कर रहा है। इसकी शिकायत सकरी के अलावा कोटा थाने में की गई है।

## मंदिर हसौद क्षेत्र में दो सप्ताह के भीतर मिली दो महिलाओं की लाश

**रायपुर (ए)।** राजधानी रायपुर से लगे मंदिर हसौद में दो सप्ताह के भीतर दो महिलाओं की लाश मिली। अब तक मामले का राजफाश नहीं हुआ है। बुधवार को पालोद मोड़ के पास महिला की लाश मिलने की सूचना पुलिस को मिली थी। पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आशंका है कि महिला की हत्या कर शव को जंगल में फेका गया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार महिला की पहचान धगवंती धीवर उम्र-50 वर्ष के रूप में हुई है। धनवंती, मंगलवार की शाम बेटे के साथ मंदिर हसौद बस स्टैंड पर पहुंची थी। वहां से वह बस से अपने मायके जाने वाली थी। बेटा वहां छोड़ कर चला गया। दूसरे दिन उसका शव मिला। पुलिस के अनुसार महिला की हत्या की आशंका लग रही है। पूरी रिपोर्ट का राजफाश पीएम रिपोर्ट के बाद होगा। पुलिस आस-पास के लोगों से पूछताछ कर रही है।

#### लगभग 10 किमी दूर मिला शव

मिली जानकारी के अनुसार जहां महिला का शव मिला, बस स्टैंड से उसकी दूरी लगभग 10 किलोमीटर है। अब बड़ा सवाल यह है कि महिला वहां पहुंची कैसे?



किसी से उसका कोई पुराना विवाद था या फिर लूट की नियत से हत्या की गई है, इन प्रश्नों का उत्तर ढूंढने में पुलिस जुट गई है।

#### खेत में मिली लाश की गुत्थी नहीं सुल्झी

मंदिर हसौद थाना इलाके में 28 जनवरी को धनेश्वरी साहू की लाश एक खेत में जली हुई मिली थी। मामले में अब तक राजफाश नहीं हो सका है। महिला की मौत की वजह का अब तक पता नहीं चल सका है। मौत, आग में जलने से हुई तो आग किसने लगाई, यह स्पष्ट नहीं हो सका है।





































## खास - खबर

### राजस्व सलाहकार समिति की हुई बैठक

**भिलाई।** राजस्व सलाहकार समिति की बैठक आहूत की गई। जिसमें समिति के प्रभारी सीजू एन्थोनी, सदस्यगण अभय कुमार सोनी, सुरेश वर्मा, सुजाता, राजेश चौधरी, गिरिजा बंछोर, वीणा चन्द्राकर, एम.लक्ष्मी गोपाल, सचिव एवं राजस्व अधिकारी एन0आर0 रत्नेश सहायक अभियंता अनिल सिंह, अधीक्षक सम्पत्तिकर बी0एल0 असाटी, लिपिक नहकर यादव एवं देवराज सिंह राजपूत उपस्थित थे। बैठक में शहर के सौन्दर्यीकरण को दृष्टिगत् रखते हुए पुराने होर्डिंग्स की जगह यूनीपोल लगाने हेतु विषय पर चर्चा की गई। सीजू एन्थोनी प्रभारी एवं सदस्यों द्वारा सर्वप्रथम शहर में वर्तमान में अवैध रुप से लगे होर्डिंग्स जो कि समयावधि पूर्ण होने उपरान्त भी लगे हुए है को तत्काल हटाने हेतु जोन आयुक्त को अंतिम नोटिस जारी करने कहा गया। इसके पश्चात् यूनीपोल हेतु पूर्व निर्धारित नियम शर्तों में संशोधन करते हुए पुन: निविदा हेतु महापौर परिषद् की बैठक में रखने हेतु निर्णय लिया गया। यूनीपोल के स्थल चयन एवं स्पेसिलिटी हेतु जोन स्तर पर अधीक्षण अभियंता की अध्यक्षता में एक समिति गठन की अनुसंशा की गई है।

### गाइड लाइन दर में छूट का लाभ लेने का अच्छा अवसर

**दुर्ग।** राज्य शासन ने आम नागरिकों को राहत देते हुए कैबिनेट में गाइड लाइन दरों पर 10 प्रतिशत की छूट बढ़ा दी है। इस संबंध में अधिसूचना भी जारी की जा चुकी है। इस संबंध में कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने आम नागरिकों से अपील की है कि नगर निगम एवं उनके निवेश क्षेत्रों की संपत्तियों के मामले में जिन्हें अपने दस्तावेजों का पंजीयन कराना हो वे बाजार मूल्य मार्गदर्शिका सिद्धांत (मार्केट वेल्यू गाइड लाइन) की स्थल वार दरों में शासन द्वारा बढ़ाई गई छूट का लाभ उठा सकते हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला पंजीयक भुआर्य ने बताया कि शासन द्वारा दी गई इस छूट से अधिकाधिक नागरिक लाभ उठा सकते हैं। कलेक्टर के निर्देश पर इस संबंध में क्रेडाई के सदस्यों के साथ बैठक भी आयोजित की जा रही है। उल्लेखनीय है कि गाइड लाइन में 40 प्रतिशत छूट का लाभ 31 मार्च 2022 तक के लिए है।

### ग्राम कुरूद में अवैध कालोनियों विकासकर्ताओं के विरूद्ध कार्यवाही

**दुर्ग।** जिले में अवैध कालोनियों के विकास को हतोत्साहित करने के उद्देश्य कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे के निर्देश पर संबंधित अधिकारियों द्वारा संयुक्त रुप से स्थल निरीक्षण किया गया। संबंधित संयुक्त संचालक नगर तथा ग्राम निवेश विभाग दुर्ग एवं अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)दुर्ग, तहसीलदार दुर्ग ने अपने निरीक्षण में पाया कि ग्राम कुरूद में वेलप्लान बिल्डर्स प्रा.लि. डायरेक्टर बसंत कटारिया द्वारा खसरा नंबर 1538 पर कालोनी स्थापना के उद्देश्य से छत्तीसगढ नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम के प्रावधानों के तहत आवश्यक अनुमति प्राप्त किये बिना भूखण्डो का उपविभाजन एवं मार्गों का विकास किया था।

### कलेक्टर पहुंचे शक्ति नगर अंबेडकर आवास आंगनबाड़ी केन्द्र

**दुर्ग।** जिले में इन्द्रधनुष 4.0 का कार्य व्यवस्थि रूप से क्रियांवित हेतु कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने अंबेडकर आवास आंगनबाड़ी केन्द्र शक्ति नगर दुर्ग में औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने विभाग को तय लक्ष्य के शीघ्र प्राप्ति के लिए निर्देशित किया। मिशन इन्द्रधनुष 4.0 के अंतर्गत 561 सत्र आयोजित किये जा रहे है। ड्यू लिस्ट के अनुसार 1632 बच्चे एवं 776 गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया जाना है।

---

आरटीपीसीआर लैब भी जल्द ही हो जाएगा आरंभ, अब सैंपल एम्स भेजने की जरूरत नहीं पड़ेगी

# हमर लैब की तैयारियां अंतिम चरण में 114 प्रकार के जांच होंगे नि:शुल्क

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। हाईटेक जिला अस्पताल अब मरीजों की जेब के लिए और भी सस्ता हो जाएगा। हमर लैब की तैयारियां अंतिम चरण पर हैं। इसके आरंभ होने से 114 प्रकार के जांच एक ही कैंपस में नि:शुल्क हो सकेंगे। इसके साथ ही आरटीपीसीआर लैब भी जल्द ही आरंभ हो जाएगा। इसके चलते सैंपल एम्स भेजने की जरूरत नहीं पड़ेगी। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने आज जिला अस्पताल में इनकी तैयारियों का निरीक्षण किया।**



उन्होंने शीघ्रता से इंफ्रास्ट्रक्चर का काम पूरा कर एप्रेटस लगाने के निर्देश दिये। आरटीपीसीआर लैब का काम लगभग पूर्णता की ओर है और कुछ ही दिनों के भीतर इसे चालू कर दिया जाएगा। कलेक्टर ने आज जिला अस्पताल के निरीक्षण के दौरान कहा कि हमारी प्राथमिकता हमर लैब को शीघ्रता से आरंभ करने की होगी। इसके लिए युद्धस्तर पर तैयारी करें। हमर लैब के प्रारंभ होने से मरीजों को नि:शुल्क जाँच सुविधा तो होगी ही, कैंपस के डाक्टरों के लिए भी सुविधा बढ़ जाएगी और रिपोर्ट समय पर मिल सकेगी। उल्लेखनीय है कि वायरोलाजी लैब आरंभ होने से अभी कोविड के आरटीपीसीआर टेस्ट की सुविधा मिल सकेगी। जरूरत पड़ने पर इसे ही अपग्रेड कर अन्य वायरस आधारित अन्य बीमारियों को डिटेक्ट भी किया जा सकेगा। कलेक्टर ने आज जिला अस्पताल में चल रहे रिनोवेशन कार्य देखे।

उन्होंने कहा कि रिनोवेशन के काम में यह देखें कि बिल्डिंग की आपसी कनेक्टिविटी अच्छी रहे ताकि एक विंग से दूसरे विंग तक जाना अधिक सुविधापूर्ण हो। साथ ही उन्होंने कहा कि जिस तरह से जरूरी काम और मरीजों की सुविधाओं के लिए सामग्री लगनी है और यदि इसमें तत्काल क्रय करने की जरूरत है तो इसे जीवनदीप समिति के माध्यम से संपन्न कराएं। उन्होंने कहा कि जिला अस्पताल को अपग्रेड कर यहां सर्वोच्च स्तर की सुविधाएं देना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसके मुताबिक कार्य करें। उन्होंने एमसीएच बिल्डिंग में मरीजों के परिजनों की सुविधा को देखते हुए बाहर में शेड निर्माण के निर्देश भी दिये। उन्होंने सभी निर्माण कार्यों को तय समयावधि में और गुणवत्तापूर्वक पूरा करने निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि स्वास्थ्य सबसे जरूरी प्राथमिकता है। जीवनदीप समिति के अलावा डीएमएफ के माध्यम से भी किसी जरूरी कार्य के लिए राशि लगानी है तो इस संबंध में प्रस्ताव भेजें। इस दौरान अपर कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना और सीएमएचओ डॉ. गंभीर सिंह ठाकुर भी मौजूद थे। अपर कलेक्टर ने इस दौरान विभिन्न विंग में चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति से अवगत कराया तथा इनके पूरा होने की संभावित तिथि के बारे में भी जानकारी दी।

सीएमएचओ ने अधोसंरचना के साथ आवश्यक चिकित्सकीय उपकरण की उपलब्धता के संबंध में तकनीकी पक्ष की जानकारी दी।

---

## ठगड़ाबांध पिकनिक स्पॉट पर किड्स जोन, फूड जोन सहित बोटिंग की सुविधाएं विकसित करें : वोरा



श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** विधायक अरुण वोरा ने आज ठगड़ा बांध पिकनिक स्पॉट योजना के सभी बचे कार्यों को व्यवस्थित तरीके से पूरा करने कहा है। महापौर के साथ ठगड़ा बांध पिकनिक स्पॉट का निरीक्षण करने पहुंचे वोरा ने कहा कि पिकनिक स्पॉट का काम हर हाल में अगले 3 माह के भीतर पूरा किया जाना चाहिए।

वोरा ने पिकनिक स्पॉट पर किड्स जोन, फूड जोन, वॉकिंग जोन के अलावा गार्डन और पार्किंग स्थल के कार्य तत्काल पूरा करने के निर्देश दिये। वोरा ने नगर निगम के ईई मोहनपुरी गोस्वामी से कहा कि ठगड़ा बांध को दुर्ग.भिलाई के नए पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करना है। बांध के बीच बन रहे आईलैंड में लैंड स्केपिंग के साथ ही सौंदर्यीकरण के कार्य किये जाएं। यहां बोटिंग की व्यवस्था भी की जाएगी। आईलैंड को आकर्षक बनाने के लिए यहां एक्वेरियम, आर्टिफिशियल फाउंटेन सहित अन्य सुविधाएं विकसित की जा सकती है। निरीक्षण के दौरान वोरा ने महापौर धीरज बाकलीवाल को हर सप्ताह पिकनिक स्पॉट योजना की रिपोर्ट लेने और यहां जारी कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिये। महापौर ने वोरा को आश्वस्त करते हुए कहा है कि अगले तीन माह में ठगड़ा बांध पिकनिक स्पॉट का निर्माण पूर्ण किया जाएगा। पिकनिक स्पॉट पर आकर्षक लाइटिंग व्यवस्था के साथ ही शानदार गार्डन का निर्माण भी किया जाएगा। वोरा ने कहा कि यहां हो रहे विकास कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। सौंदर्यीकरण का कार्य उच्च स्तर का होना चाहिए। वोरा ने यहां सौंदर्यीकरण और विकास कार्यों की धीमी गति पर नाराजगी जताते हुए सभी कार्यों को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिये।

---

## जल की बर्बादी रोकने निगम उठाएगा सख्त कदम, जल विभाग की हुई बैठक

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। निगम के महापौर परिषद के जल कार्य विभाग प्रभारी केशव चौबे ने बुधवार को अमृत मिशन के अंतर्गत चल रहे पाइप लाइन कार्य और पानी सप्लाई व्यवस्था की जानकारी ली। अधिकारियों को पानी की बर्बादी को रोकने के जन जागरण अभियान चलाकर सार्वजनिक नलों में टोंटी लगाने और बंद पड़े हैंडपंप का मरम्मत कराने प्लान तैयार कर अमल करने कहा।**



क्षतिग्रस्त पाइप लाइन के लीकेज को सुधारने भी बैठक में चर्चा हुई। जल कार्य प्रभारी चौबे ने कहा कि गर्मी में पानी की खपत बढ़ जाती है। इस बात को ध्यान में रखते हुए सभी जोन इसकी तैयारी अभी से कर ले। साथ ही यह सुनिश्चत कर लें कि अपने जोन क्षेत्र के किस वार्ड के कौन-कौन से एरिया में जल संकट की स्थिति बन रही है, और क्यों बन रही है। यदि अमृत मिशन के अंतर्गत पाइप लाइन बिछाई गई है तो पानी, प्रेशर के साथ अंतिम छोर तक पहुंच रहा है या नहीं, इसका भी निरीक्षण करने बैठक में चर्चा हुई।

जल कार्य प्रभारी ने जल कार्य विभाग के कार्यपालन अभियंता संजय शर्मा को बंद पड़े हैंडपंप का जल्द से जल्द मरम्मत करवाने इस पर कार्य करने कहा है। मरम्मत के लिए जरूरी समान स्टोर में है या नहीं। उसकी जानकारी और मांग प्रस्ताव बनाकर देने पर भी चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि पाइप लाइन बिछाने या नल कनेक्शन के दौरान यदि कोई कार्य को बाधित करने का प्रयास करता है, तो उसके नाम और पता सहित सूची बनाई जाए।अपने उच्च अधिकारी को अवगत कराएं। ताकि उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई किया जा सके। बैठक में पार्षद सलमान तथा जल कार्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

---

## अंग्रेजी माध्यम स्कूल का निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने किया निरीक्षण, मार्च माह तक कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त प्रकाश सर्वे ने आज अंग्रेजी माध्यम स्कूलों का निरीक्षण किया उन्होंने मार्च तक कार्य पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने कहा कि निर्माण की तीव्रता के साथ ही गुणवत्ता का भी ध्यान रखें। उन्होंने पूरे कैंपस का निरीक्षण अधिकारियों के साथ किया।**



इस दौरान जोन आयुक्त मनीष गायकवाड, सहायक अभियंता सुनील दुबे एवं आलोक पसीने तथा उप अभियंता श्वेता महेश्वर मौजूद रहे। निगमायुक्त ने जोन कार्यालय में पहुंचकर उपस्थिति पंजी का भी निरीक्षण किया। फील्ड में कार्य करने वाले कर्मचारियों की वर्तमान स्थिति की भी जानकारी ली। कार्यालयीन समय प्रात: 10:00 से 5:30 बजे तक का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए।

नगर निगम भिलाई में 3 शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में भवन रिनोवेशन, निर्माण, खेल सुविधा एवं अन्य आवश्यक कार्य निगमायुक्त प्रकाश सर्वे के निरंतर मानिटरिंग से युद्ध स्तर पर हो रहा है। सेक्टर 6 स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में 80 लाख की लागत से छत का संधारण, तीन अतिरिक्त कक्ष निर्माण, बास्केटबॉल कोर्ट, वॉलीबॉल कोर्ट, बैडमिंटन कोर्ट, पेंटिंग कार्य, फ्रंट व्यू, प्रवेश द्वार, प्रकाश व्यवस्था, वॉल आर्ट, लैंडफिलिंग एवं लेवलिंग, गार्डनिंग, लैंडस्कैपिंग एवं अन्य कार्य किए जा रहे हैं। वही खमरिया में लगभग 60 लाख की लागत से बाउंड्री वाल, प्रवेश द्वार, पार्किंग स्थल एवं अन्य कार्य किए जा रहे हैं। निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने दोनों ही स्कूलों में निर्माणाधीन विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि टाइम डेडलाइन के अनुरूप कार्य को पूर्ण कराएं, जोन आयुक्त एवं संबंधित अभियंता इसकी मॉनिटरिंग नियमित रूप से स्वयं करें। मोबाइल मेडिकल यूनिट का निरीक्षण निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे जब भी फील्ड विजिट में निकलते हैं वह जरूर मोबाइल मेडिकल यूनिट के स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण करते हैं।

आज उन्होंने कोहका मंगल बाजार में आयोजित स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण किया। आयुक्त ने दवाइयों की जानकारी ली और किस प्रकार के मरीज ज्यादातर शिविर में आ रहे हैं इसके बारे में चिकित्सकों से पूछा।

---

## माता रमाई की जयंती पर नि:शुल्क आक्सीजन सिलेंडर की सुविधा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। महामानव मल्टीपर्पस सोसाइटी के संयुक्त तत्वाधान में माता रमाई की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाई गई इस अवसर पर सर्वप्रथम तथागत गौतम बुद्ध तथा बाबा साहेब आंबेडकर और माता रमाई की छाया चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया ।**




तत्पश्चात महिला सशक्तिकरण संघ की प्रदेश अध्यक्ष प्रज्ञा बौद्ध के द्वारा माता रमा बाई के जीवन पर प्रकाश डाला उन्होंने बताया कि रमा बाई कि जयंती अर्थात करोडो लोगों के जीवन प्रकाशित करने करोड़ों लोगों के जीवन को उजाले कि ओर ले जाने के लिए स्वयं को अंधेरे में रखा ।

हमारे जीवन को रोशन करने और हमारे जीवन में आज चौतरफ उजाले है। यह उजाले हमे माता रमाई के त्याग, परिश्रम, और उनके अंतरमन करूणा कि वजह से हमारा समाज सदियों से अधिकारों से वंचित अनेक विषमता का शिकार और बहिष्कारित समाज था इस समाज को सदियों बाद यदि किसी ने ममतामई करूणा का हाथ हमारे सिर पर रखा तो वह हम सबकी मां माता रमाई ने यदि उनकी करूणा हम सब पर न होती तो न जाने हम आज भी हमारा जीवन से अंधेरे दूर होना असंभव था। इसके पश्चात भारतीय बौद्ध महासभा के राष्ट्रीय ट्रस्टी मेंबर एसआर कानडे ने संबोधित करते हुए बताया की किसी महापुरूष के आगे बढ़ने में महिलाओं का कितना हाथ होता है यह सब हमको माता रमाई की जीवन को पढ़ने से मिलती है। माता रमाई के बलिदान और त्याग के कारण ही भीमराव अम्बेडकर विश्व भूषण भारत रत्न डॉक्टर बाबासाहेब आम्बेडकर बने। यदि बाबा साहब के जीवन में माता रमाई ना होती तो शायद भीमराव अंबेडकर बाबा साहब नहीं बन पाते ।माता रमाई कि जयंती पर महामानव मल्टीपर्पस सोसायटी भिलाई दुर्ग के अध्यक्ष आशीष चौहान ने माता रमाई कि जयंती पर सभी को शुभकामनाएं दी

---

## पटरीपार में किया 6 लाख 78 हज़ार सीमेंटीकरण सड़क कार्य का भूमिपूजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** नगर निगम के सीमा अंतर्गत वार्ड क्र. 19 6 लाख 78 हजार रूपये के विकास कार्य की सौगात वार्ड के नागरिको दी। शहर विधायक अरुण वोरा एवं महापौर धीरज बाकलीवाल ने वार्ड पार्षद काशीराम रात्रे के साथ विकास कार्यो का भूमिपूजन किया गया।

इस मौके पर एमआईसी प्रभारी श्रीमती जयश्री जोशी,पार्षद सतीश देवांगन,अमित देवांगन, श्रीमती निर्मला साहू,श्रीमती ठाकुर, एल्डरमेन हरीश साहू,प्रभारी कार्यपालन जितेंद्र समैया, उपअभियंता पंकज साहू, महामंत्री पप्पू श्रीवास्तव,विकास यादव,श्रीमती नीलू सिंह के अलावा बड़ी संख्या में वर्डनागरिक उपस्थित थे।निगम दुर्ग द्वारा वार्ड 19 में 6 लाख हजार रूपये की लागत से पटरीपार के नागरिको को मिलेगी सड़क की सुविधा, सीमेंटीकरण सड़क रज्जू किराना स्टोर्स और साई मेडिकल दुकान के पास तक निर्माण कराया जाना हैं। जिससे पटरी पार के नागरिको बड़ी सुविधा मिलेगी।

---

महापौर ने की विभागवार समीक्षा

## आय बढ़ाने दिया जोर: अतिरिक्त निर्माण करने वालों की खैर नहीं, सूची तैयार कर पेनाल्टी के साथ वसूला जाएगा टैक्स - शशि सिन्हा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रिसाली। रिसाली नगर पालिक निगम की महापौर शशि सिन्हा ने कार्यो की समीक्षा करते निगम का आय बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने ऐसे घरों का सर्वे करने निर्देश दिए है जिन्होंने बिना अनुमति के आवास या व्यावसायिक क्षेत्र का अतिरिक्त निर्माण किया है। महापौर ने कहा कि ऐसे मकान व दुकानों का टैक्स निर्धारण नए सिरे से किया जाए। उन्होंने समीक्षा बैठक में महापौर परिषद के सदस्यों से कहा कि बजट का खाखा तैयार कर शीघ्रता से प्रस्तुत करे।**



महापौर ने बजट तैयार करने एमआईसी सदस्यों को सभी पार्षदों से समीक्षात्मक चर्चा करने निर्देश दिए। पदभार ग्रहरण करने के माह भर बाद शशि सिन्हा ने आयुक्त आशीष देवांगन की उपस्थिति में विभागवार कार्यो की समीक्षा की। चार घंटे से भी अधिक समय तक चली चर्चा के बाद महापौर ने निर्देश दिए कि निगम क्षेत्र में कई जगह अतिरिक्त निर्माण किया गया है। अनुमति लिए बिना निर्माण पूर्ण करने से राजस्व की हानि हो रही है। उन्होंने संपूर्ण क्षेत्र में राजस्व विभाग को सर्वे करने के निर्देश दिए। बैठक में सभापति केशव बंछोर, एमआईसी सद्स्य चन्द्रभान सिंह ठाकुर, विलास राव बोरकर, गोविन्द चतुर्वेदी, अनुप डे, सनीर साहू, परमेश्वर कुमार, सोनिया देवांगन व ईश्वरी साहू समेत कार्यपालन अभियंता सुशील बाबर व निगम के विभाग प्रमुख उपस्थित थे।

आयुक्त आशीष देवांगन ने बैठक में जानकारी दी कि निगम में कर्मचारियों को पदोन्नति देने का मामला अटका है। इस पर महापौर ने तत्काल समिति गठित कर कर्मचारियों को लाभ देने निर्देश दिए। समिति में कार्यपालन अभियंता सुशील बाबर को अध्यक्ष बनाया गया है।

समीक्षा बैठक में महापौर ने निर्देश दिए कि क्षेत्र में 10 हजार से अधिक नल कनेक्शन है। इसके बाद भी अब तक जलकर का निर्धारण नहीं हुआ है। उन्होंने जलकार्य प्रभारी चन्द्रभान सिंह ठाकुर को निर्देश दिए कि एमआईसी प्रस्ताव पारित कर जलकर वसूली शीघ्र शुरू कराए। पूर्व से बने उद्यानों के रखरखाव पर महापौर ने नाराजगी जाहिर की।

उन्होंने कहा कि रखरखाव के लिए जिम्मेदार एजेंसी को नोटिस जारी किया जाए । साथ ही छोटे-छोटे गार्डन की देखभाल करने पार्षद की अध्यक्षता वाली समिति गठित करे। समिति के माध्यम से ही उद्यान को सवारने प्रस्ताव तैयार करे।

स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 को लेकर महापौर व एमआईसी प्रभारी गाविन्द चतुर्वेदी ने अधिकारियों से विस्तार से चर्चा की। चर्चा के दौरान निर्णय लिया गया कि सर्वेक्षण में बेहतर अंक लाने और स्थान पाने पार्षदों की भूमिका को तय किया जाए। पार्षदों के लिए कार्यशाला आयोजित किया जाए। महापौर ने कहा कि प्रत्येक वार्ड में बेहतर सफाई के लिए एमआईसी सद्स्य बैठक कर रूट चार्ट भी बनाए और उसे सार्वजनिक किया जाए। महापौर परिषद के सद्स्य गोविन्द चतुर्वेदी ने कहा कि सफाई मित्रों से स्वच्छता संबंधी कार्य लेने प्राथमिकता तय करे। शनिचरी बाजार को व्यवस्थित करने आयुक्त आशीष देवांगन ने प्लान तैयार करने निर्देश दिए। उन्होंने सड़क पर ठेले लगाने वालों से सख्ती से पेस आने और अधिक से अधिक जुर्माना वसूल करने कहा। आयुक्त ने कहा कि रूआबांधा मार्केट को व्यवस्थित करने का कार्य अधिकारी कर्मचारी चुनौती के रूप में ले।

---

## कोटवार के दोषी होने की स्थिति में कोटवार नियुक्ति में वारिस को नहीं मिलेगी प्राथमिकता- संभागायुक्त

श्रीकंचनपथ न्यूज

**एक अहम मामले में एसडीएम न्यायालय के फैसले के विरुद्व अपील की सुनवाई में संभागायुक्त ने दिया निर्णय**

**दुर्ग। कोटवार नियुक्ति से संबंधित एक प्रकरण में आज संभागायुक्त दुर्ग ने अहम निर्णय दिया है। निर्णय में उन्होंने कोटवार के दोषी होने की स्थिति कोटवार नियुक्ति में वारिस को प्राथमिकता नहीं दिये जाने संबंधी निर्णय लिया है। उनके पास ग्राम घुमका का एक प्रकरण अपील के लिए आया था। आवेदक ने एसडीएम न्यायालय के निर्णय के विरुद्व संभागायुक्त के पास अपील की थी।**

महादेव कावरे द्वारा न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) राजनांदगांव के पारित आदेश को विधि सम्मत नहीं पाए जाने पर निरस्त किया गया है। उन्होंने अपने निर्णय के माध्यम से विभिन्न बिंदुओं पर प्रकाश भी डाला जिसमें उन्होंने अस्थाई कोटवार की नियुक्ति के अधिकार क्षेत्र व कोटवार के दोषी होने पर उसके वारिस की कोटवार की नियुक्ति में प्राथमिकता पर अपना मत दिया।

इस प्रकरण के तहत् नायब तहसीलदार द्वारा जिला राजनांदगांव ग्राम घुमका के कोटवार मेघराम को कार्य में अनियमित पाए जाने पर पदच्युत किया गया। इसके पश्चात् कोटवार मेघराम के द्वारा पुत्र रामसुख के लिए ग्राम बहेराभाठा के कोटवारी के रिक्त पद पर नियुक्ति के लिए नायब तहसीलदार राजनांदगांव के समक्ष आवेदन किया गया। जिनका नायब तहसीलदार ने ईश्तहार प्रकाशन कराया। प्रकाशित ईश्तहार पर ग्राम पंचायत बहेराभाठा द्वारा आपत्ति दर्ज कराई गई। प्रकरण में उभयपक्ष की सुनवाई कर चरित्र प्रमाण पत्र थाना घुमका से आहुत किया गया। इसके पश्चात् ग्राम पंचायत बहेराभाठा से सर्वसहमति से कोटवार उम्मीदवार के रूप में भरत लाल बंजारे के नाम पर प्रस्ताव पारित किया गया। जिसके आधार पर नायब तहसीलदार राजनांदगांव ने भरत लाल को ग्राम बहेराभाठा का अस्थाई कोटवार नियुक्त करने का प्रस्ताव पारित किया। इस आदेश के विरूद्ध रामसुख द्वारा न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राजनांदगांव के समक्ष अपील प्रस्तुत की गई। जिसमें उभयपक्ष की सुनवाई के उपरांत 09 अक्टूबर 2020 को नायब तहसीलदार घुमका के आदेश को निरस्त कर छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 230 की कंडिका (2) का पालन करने निर्देशित किया गया। इस प्रकरण में महादेव कावरे आयुक्त दुर्ग संभाग ने संज्ञान लेते हुए न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) राजनांदगांव के 09 अक्टूबर 2020 के आदेश को विधि सम्मत न मानते हुए निरस्त किया और अपीलार्थी भरत लाल के अपील को स्वीकार करते हुए न्यायालय नायब तहसीलदार धुमका राजनांदगांव द्वारा पारित 29 अगस्त 2019 के आदेश को यथावत् रखा। आयुक्त के द्वारा यह फैसला भी किया गया है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950